* वर्ष 40 * अंक 77 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर सोमवार दिनांक 16 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## महत्वपूर्ण फैसलों से बदलती राजस्थान की तस्वीर

- संशोधित पीकेसी योजना के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू
- शेखावाटी अंचल को बहुप्रतीक्षित यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू
- ऊर्जा क्षेत्र में केंद्रीय पीएसयू के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 38,447 आवास पूर्ण 1 लाख 55 हजार नए आवासों की स्वीकृति
- पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 20 हजार रूफटॉप सोलर संयत्र स्थापित
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 30,297 आवास पूर्ण, 30,408 नए आवासों की स्वीकृति
- लगभग 96 हजार कृषि कनेक्शन और 4 लाख 64 हजार घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी
- श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत 8 रुपये में भरपेट भोजन, प्रति थाली सरकार की तरफ से 22 रुपये का अनुदान
- किसान सम्मान निधि में 70 लाख से अधिक कृषकों को 5500 करोड़ रुपये से अधिक राशि हस्तान्तरित
- लगभग 26 हजार सोलर पम्प सेट की स्थापना के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुदान
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं मा वाउचर योजना प्रारम्भ
- 5 नये मेडिकल कॉलेज बारां, बांसवाड़ा, नागौर, झुन्झुनूं एवं सवाई माधोपुर में प्रारम्भ
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एम.ओ.यू.
- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे रोपित
- सड़क निर्माण पर लगभग 15000 करोड़ रुपये व्यय
- 43000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां
- 10.22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, 5257 करोड़ रुपये व्यय
- एमजेएसए 2.0 में 5000 गाँवों में 1 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स कार्य

राजस्थान संवाद

## दस नवीन नीतियां

- राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना
- राजस्थान मिनरल पॉलिसी
- राजस्थान एम-सेण्ड पॉलिसी
- राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी
- इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी
- राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी
- राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति
- इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट स्कीम
- राजस्थान एक्पोर्ट प्रमोशन पॉलिसी
- राजस्थान ट्यूरिज्म यूनिट पॉलिसी

निभाई जिम्मेदारी, हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# संक्षिप्त समाचार

## श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरवनाथ का प्रथम विशाल छप्पन भोग 22 को

उदयपुर (पुकार)। सुरेखा लोढ़ा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पार्श्व भैरव भक्त द्वारा आगामी 22 डिसम्बर को श्री कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय, राणाकुई, वल्लभनगर में श्री नाकोडा पार्श्व भैरूनाथ के दरबार में प्रथम बार विशाल छप्पन भोग धराया जायेगा। ट्रस्ट के हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पार्श्व भेरव भक्तों के द्वारा श्री पार्श्वनाथ श्री भैरव के चरणों मे प्रथम बार अनेक तरह के व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वल्लभनगर जैन मंदिर से उदयपुर बस स्टेंड तक भव्य वरघोड़ा प्रातः10 बजे से निकाला जायेगा। तत्पश्चात 11.30 बजे भगवान को भोग धराया जायेगा। 12 बजे से 1.30 बजे तक मोती कृष्ण गोधाम निज मन्दिर में गौतम प्रसादी का आयोजन होगा।

## बीएन विधि संकाय विद्यार्थियों का राष्ट्रपति भवन और उपराष्ट्रपति कार्यालय का शैक्षिक भ्रमण



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन और उपराष्ट्रपति कार्यालय का भ्रमण किया। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों को देश के सर्वोच्च संवैधानिक संस्थानों की कार्यप्रणाली और ऐतिहासिक महत्व को समझने का अवसर मिला। भ्रमण की शुरुआत उपराष्ट्रपति कार्यालय से हुई, जहां विद्यार्थियों को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यालय के मीटिंग रूम में उनके साथ संवाद करने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ। संवाद के दौरान, माननीय उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को विधि क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और भारतीय संविधान की मूल भावना का आदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को अपनाने पर भी जोर दिया। साथ ही विद्यार्थियों ने माननीय उपराष्ट्रपति के साथ एक फोटो सेशन में भाग लिया, जो उनके लिए एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के दौरे के बाद, छात्रों ने राष्ट्रपति भवन के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की ऐतिहासिकता, वास्तुकला और सांस्कृतिक धरोहर को नज़दीक से समझा। यह अनुभव छात्रों के लिए संवैधानिक संस्थानों की संरचना, कार्यप्रणाली और उनके महत्व को समझने का एक अनूठा अवसर साबित हुआ। बी.एन. विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन प्रो. कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत, बी.एन. संस्थान के सचिव प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, और बी,. एन. विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने छात्रों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए बधाई दीं। यह भ्रमण विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष पितलिया, डॉ. अनिला, डॉ. किरण चौहान, डॉ. पुष्पलता डांगी और श्री अभिमन्यु सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

## कृष्णा सेवा संस्थान ने प्रयाग कुंभ के लिए भेजे 2000 थैले



**उदयपुर (पुकार)।** कृष्णा सेवा संस्थान ने प्रयाग में अगले वर्ष होने वाले कुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए 2000 थैलों की पहली खेप भेजी है और आगामी दिनों में और थैले भेजे जाएंगे। संस्थान की संस्थापक सचिव श्रीमती कीर्ति सूद ने बताया कि पर्यावरण बचाओ के देशव्यापी अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने थैले भेजने का निर्णय किया। उन्होंने बताया कि इस निमित्त जरूरतमंद महिलाओं से संपर्क कर उन्हें थैले सिलने का काम दिया गया जिससे एक ओर पर्यावरण हितैषी कार्य सिद्ध हुआ तो दूसरी ओर जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक मदद भी हो गई।

उन्होंने बताया कि संस्थान अपने जन्म से ही समाज, राष्ट्र, पर्यावरण, महिला सुदृढ़ीकरण और बाल श्रम इत्यादि विषयों पर काम कर रहा है।

संस्था ने विगत वर्षों में बाल विवाह हो जाने के बाद गौना नहीं होने, वर द्वारा पढ़ लिख जाने और नौकरी पा जाने के बाद अनपढ़ अथवा कम पढ़ी लिखी वधू को छोड़ कर अन्यत्र विवाह कर लेने और विधिवत् तलाक न देने से इन महिलाओं को सरकार प्रायोजित लाभकारी योजनाओं से वंचित रहने पर विवश होना पड़ता है। ऐसी समस्याओं के समाधान हेतु संस्थान ने समुचित विधिक कार्यवाही करनी प्रारंभ की है। संस्थान के विधिक सलाहकार एडवोकेट शिखर सूद हैं।

## चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** बिलोचिस्तान पंचायत, सनातन धर्म सेवा समिति, शहीद हेमू कालानी युवा मंच और शक्तिनगर व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शक्तिनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

युवा मंच के सदस्य राजेश खत्री ने बताया कि शिविर प्रातः 10 से दोपहर तीन बजे तक चला, जिसमें 37 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में डॉ. सुरेश लखारा, डॉ. कैलाश कुमार, डॉ. कृतिका लोढ़ा, ज्योति आमेटा, अभिषेक, अंकित, हिमांशु, और सुरेश ने सक्रिय योगदान दिया। पंचायत महासचिव विजय आहुजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 155 व्यक्तियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और आवश्यक दवाइयां निशुल्क प्राप्त कीं। शिविर में डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. महर्षि व्यास, डॉ. पूर्वी शर्मा, और एएनएम रेखा लोहार ने सेवाएं प्रदान कीं। शक्तिनगर व्यापार संघ के सचिव मनीष भवरानी ने बताया कि इस आयोजन को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भूपालपुरा की डॉक्टर टीम ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## सजग वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान की बैठक

**उदयपुर (पुकार)।** सजग वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान की माह दिसंबर की बैठक वेलेंट हॉस्पिटल के घुटना प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ सर्जन डॉ हेमन्त खज्जा के मुख्य आतिथ्य, संस्थान के अध्यक्ष शिवजी गौड़ की अध्यक्षता तथा महासचिव ओंकार लाल मेवाड़ा के निर्देशन में बेदला रोड स्थित होटल शिवानी के सभागार में समाजसेवी बंशीलाल कुम्हार के सौजन्य से सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. खज्जा ने वृद्धावस्था में घुटनों को स्वस्थ रखने एवं प्रत्यारोपण होने के बाद के बचाव व रखरखाव पर जानकारी दी। इस अवसर पर माह दिसंबर में जन्में सदस्य जगदीश अरोड़ा, निर्मला सुराणा, शोभा मेवाड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया गया।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मृत्यु

**उदयपुर (पुकार)।** भूपालपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरवेन्द्र मीणा (25) पुत्र राजूराम निवासी राजगढ़ चूरू एमपीयूएटी विश्वविद्यालय परिसर में ही रह कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। हरवेन्द्र और उसका साथी बाइक पर शनिवार रात एक बजे खाना लेने के लिए जा रहे थे। एमबी कॉलेज के सामने अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एमबी चिकित्सालय भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान हरवेन्द्र मीणा ने दम तोड़ दिया।

# मिनरल उद्योग पर ट्रांजिट पास व्यवस्था हटाने से 20 जिलों के मिनरल ग्राइंडिंग उद्योग को राहत मिली

## ऑल राजस्थान मिनरल प्रोसेसरस एसोसिएशन ने कहा कि सरकार का आभार कि हमारी बात को सुना और समाधान किया-



**उदयपुर (पुकार)।** ऑल राजस्थान मिनरल प्रोसेसरस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान के 20 जिलों के मिनरल ग्राइंडिंग उद्योग से जुड़े उद्यमियों को मिनरल उद्योग पर ट्रांजिट पास व्यवस्था हटाने से राहत मिली है। इसके लिए राजस्थान की सरकार का आभार जताते हैं। यह बात रविवार को ऑल राजस्थान मिनरल प्रोसेसरस एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, महासचिव रोहित मेहता ने पत्रकार वार्ता में कही।

अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में मिनरल उद्योग पर लागू की गई उक्त व्यवस्था का राजस्थान के करीब 20 जिलों में कार्यरत मिनरल ग्राइंडिंग उद्योग के लोगों ने पुरजोर विरोध किया था। इस व्यवस्था के खिलाफ ऑल राजस्थान मिनरल प्रोसस्सोर्स एसोसिएशन के माध्यम से पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय ने मौखिक रूप से स्थगन आदेश प्रदान किया था तथा राज्य सरकार को कहा था कि इसको वापस रिव्यू करें लेकिन सरकार का रवैया सकारात्मक नहीं रहा तब एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन दिया गया जिस पर तत्काल जिला कलेक्टर ने मुख्य सचिव को ट्रांजिट पास व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए उद्योग हित में समाप्त किए को लेकर मिनरल उद्यमियों की बात सरकार तक पहुंचाई। फलस्वरुप तत्कालीन मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग एवं खान विभाग को एक कमेटी बनाकर इस पर रिव्यू किए जाने का आदेश दिया।

रोहित मेहता ने बताया कि उस समय बनाई गई कमेटी ने भी सरकार को इस व्यवस्था को बदलने की सिफारिश की। तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने स्वयं अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल से मुलाकात की जिसमें कि उन्होंने खनिज उद्योगों पर लागू की गई इस व्यवस्था को समाप्त करने की मंशा जाहिर की लेकिन सरकार ने उद्योगों को पलायन करने की दिशा में धकेलते हुए उच्च न्यायालय में दिए गए अपने हलफनामा से बदलते हुए उद्योगों पर जबरदस्त आर्थिक भार डालते हुए 25000 वार्षिक शुल्क व 10 रुपए प्रति ट्रांजिट पास का शुल्क लगा दिया। इसके खिलाफ पुनः संगठन व अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दी गई एवं सरकार को 15 दिवस में यह व्यवस्था समाप्त करने वह आर्थिक भार नहीं लगाए जाने का माननीय उच्च न्यायलय ने आदेश दिया जिस पर सरकार द्वारा आचार संहिता लग जाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राजस्थान में नई सरकार के आते ही मुख्यमंत्री व खान मंत्री के समक्ष मामला लाया गया। स्थानीय स्तर पर निदेशक, अतिरिक्त निदेशकों व खनिज अभियंता के संज्ञान में उक्त विषय लाया गया फलस्वरुप स्थानीय स्तर की सिफारिश को जयपुर भेजा गया। स्टेक होल्डर से मीटिंग के क्रम में खान सचिव टी रविकांत ने बैठक में उक्त विषय को गंभीरतापूर्वक सुनकर इसे समाप्त करने की ओर बढ़ाने का आश्वासन दिया। नई खनिज नीति 2024 में खनिज के परिवहन पर लागू की गई ट्रांजिट पास व्यवस्था समाप्त किए जाने की घोषणा की गई। इससे व्यापार जगत में हर्ष की लहर है साथ ही आने वाले समय में मिनरल ग्राइंडिंग उद्योगों को एक नया आयाम मिलने की पूरी संभावनाएं बनी है।

बीकानेर माइनर मिनरल उद्योग संघ के अध्यक्ष विजय कुमार जोषी, उपाध्यक्ष अभिशेक सिंघानिया, सचिव अशोक सोलंकी तथा कोशाध्यक्ष संजय भनोत ने वर्तमान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सरकार ने खनिज आधारित उद्योगों से जुडे व्यवसायियों की गत पांच वर्शों से लंबित टीपी मुक्ति मांग को सुना व समाधान किया। इससे खनिज उद्योग आधारित व्यापार का पलायन समीपवर्ती राज्यों में हो रहा था जिस पर रोकथाम लगेगी व भविश्य में इन उद्योगों का चहुंमुखी विकास होकर राज्य की आय में वृद्धि होगी।

संगठन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने लागू की गई नई मिनरल पॉलिसी इंडस्ट्रियल पॉलिसी साथ ही साथ एम-सेंड पॉलिसी का स्वागत करते हुए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा में महासचिव रोहित मेहता, उपाध्यक्ष प्रकाश फुलानी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पुरोहित, सह सचिव आशीष मित्तल, सह कोषाध्यक्ष अशोक ओझा, पलाश वैश्य, गिरीश भगत, राकेश नाहर, सुरेश जैन, सुनील छाजेड़, अशोक बंसल, राकेश मिश्रा, मुकेश गोदावत, प्रकाशचंद्र जैन, दीपक सुखेजा, अनुराग माहेश्वरी, अशोक चौहान, विय जैन, विनोद जैन उपस्थित रहे व सरकार को धन्यवाद् ज्ञापित किया।

इससे पहले ऑल राजस्थान मिनरल प्रोसेसरस एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन एवं धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम रविवार को फील्ड क्लब में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पूरे राजस्थान के अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में सरकार द्वारा पूर्व में लागू की गई ट्रांजिट पास व्यवस्था को एलिमिनेट करने का स्वागत किया।

# सुथार समाज का शपथ ग्रहण समारोह



**उदयपुर (पुकार)।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार समाज विकास संस्थान की नई कार्यकारिणी का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार समाज विकास संस्थान की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के संयोजक सुरेश सुथार अध्यक्ष चमन शेखर सुथार, उपाध्यक्ष राजेंद्र, महासचिव रामनारायण सुथार,कोषाध्यक्ष नरेंद्र सुथार,सचिव जयकांत के साथ पूरी कार्यकारिणी को साध्वी शारदा नाथ दास ने शपथ दिलाते हुए समाज के विकास मे पूर्ण सहयोग देते हुए समाज को उन्नति के पथ पर ले जाने को कहा।

विकास संस्थान प्रवक्ता टीटू सुथार ने बताया कि इस अवसर पर सर्व सहमति से पुनः मीनाक्षी सुथार को विकास संस्थान की महिला अध्यक्ष घोषित किया । उसके पश्चात सुथार समाज के अगले सामूहिक विवाह की घोषणा की गई जो 30 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा।

पूर्व अध्यक्ष रमाकांत अजरिया ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति उसके आर्थिक व्यवस्था पर निर्भर करती है और उसको सुदृढ़ करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

सुरेश सुथार ने कहा कि जब तब समाज संगठित नहीं होगा तो किसी भी क्षेत्र में उस समाज के व्यक्ति का विकास नहीं हो सकता।

अध्यक्ष चमन शेखर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपने मुझे दी है उसको आप सभी के सहयोग से पूरी कर्मठता के साथ पूरा करने की कोशिश करूंगा और समाज के विकास मै बिना पद के भी कार्य करता आया हु और अब अपने जो मुझ पर विश्वास किया है जो मेरी जिम्मेदारी ओर भी ज्यादा बढ़ गई है।

महिला अध्यक्ष मीनाक्षी सुथार ने कहा कि नारी शक्ति के बिना जैसे परिवार अधूरा है उसी प्रकार समाज मै नारी शक्ति का योगदान नहीं होगा तो उसके विकास मै बाधा होगी और आह्वान किया कि समाज की ज्यादा से ज्यादा महिलाएं संस्थान से जुड़ कर इसको विकास की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में राधा किशन,जगदीश शर्मा, किशनलाल,अश्विनी कुमार सुरेशचंद्र, गोवर्धन लाल, देवीलाल, लक्ष्मी लाल, संतोष, प्यारेलाल, मोतीलाल, डालचंद,गोपाल,गिरधारी लाल, युवा अध्यक्ष मुकेश, मगनलाल, पंकज गौतम, गिरीश, हेमंत, मुकेश, हरि किशन, मांगीलाल, लालचंद, प्रकाश, रमेश, ओमराज, देवेश, मोहनलाल, बाबूलाल, देव किशन, रमेश, पन्नालाल, छोटू लाल, जगदीश, धीरज, भुवन, गजेंद्र, प्रवीण, रतनलाल आदि समाज जन उपस्थित थे।



**उदयपुर (पुकार)।** समोरबाग पैलेस में विश्वराजसिंह मेवाड़ से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट करते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का उदयपुर दौरा, कार्यक्रमों में लिया भाग

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को उदयपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विविध आयोजनों में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को उदयपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। देवनानी ने समोरबाग पहुंच कर दिवंगत स्व महेंद्रसिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही उनके पुत्र नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ तथा परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदननाएं प्रकट की। इस दौरान विजय आहुजा, यशवंत पालीवाल, दीपक शर्मा, विभोर भटनागर आदि भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात देवनानी ने कुछ निजी कार्यक्रमों में शिरकत की तथा शाम को जयपुर के लिए प्रस्थान किया।

# सीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी कर लौट रहे वीडीओ की कार नदी में गिरी, मौत

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के मांडवा थाना क्षेत्र में शनिवार रात को अनियंत्रित कार के नदी में गिरने से एक ग्राम विकास अधिकारी की मौत हो गई। वह उदयपुर में सीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी कर कार से अपने गांव लौट रहे थे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार रात 9.15 बजे साबरमती नदी से सटे सुलाव तालाब में एक कार के गिरने की सूचना मिली।

इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में सलूंबर जिले के सराड़ा क्षेत्र निवासी वीडीओ वाला राम (40) पुत्र नानजी मीणा की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि बिकरनी पीएचसी टीम ने करीब आधे घंटे तक मौके पर वाला राम को सीपीआर दिया, लेकिन जान बचाने में सफलता नहीं मिली। वाला राम कोटड़ा पंचायत समिति की महाडी ग्राम पंचायत में कार्यरत थे।

उदयपुर के गांधी ग्राउंड में शनिवार को राज्य सरकार का एक साल पूरे होने पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें सीएम भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में लाभार्थियों को फूड पैकेट वितरण करने के लिए उदयपुर के अरबन स्क्वायर मॉल के पास फूड चैकपोस्ट बनाया था। कोटड़ा के उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार ने आदेश जारी कर इस पर वाला राम की ड्यूटी लगाई थी। वाला राम मीणा करीब डेढ़ साल से महाडी पंचायत में सेवारत थे।

### सुखेर पुलिस ने किया चोरी का घटना का 24 घण्टे में खुलासा

## नौकरानी निकली चोर, गिरफ्तार कर 7 लाख बरामद



**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना पुलिस ने गुल्लक से सात लाख रुपए चुराने के मामले में घर में काम करने वाली नौकरानी को गिरफ्तार किया है। उससे पूरी राशि बरामद भी कर ली।

थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने बताया कि 13 दिसंबर को चिराग पुत्र नरेन्द्र चौधरी निवासी शान्ति नगर न्यू केशवनगर ने रिपोर्ट दी थी कि उसके घर में मिट्टी का गुल्लक रखा हुआ था, जिसमें प्रतिदिन अपनी दुकान के कलेक्शन में से दो हजार रुपए डालता था।

यह काम वह पिछले एक साल से कर रहा है। शाम को करीब आठ बजे घर आया तो गुल्लक कमरे में नहीं मिला। पर्स में रखा आधार कार्ड भी गायब था। रसोई के पीछे गैलेरी में कपडे की थैली में गुल्लक टूटा हुआ मिला। इसमें करीब सात लाख रुपए थे। इस पर पुलिस ने तकनीकी संसाधनों से पता करने का प्रयास किया तो घर में काम करने वाली नौकरानी की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। नौकरानी कोमल सालवी से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन वह मना करती रही।

परन्तु मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उसने वारदात करना स्वीकार कर लिया। इस पर कोमल पत्नी नरेन्द्र सालवी निवासी बस्सी सलूम्बर हाल रूपसागर कॉलोनी को गिरफ्तार उसके किराये के मकान में छुपाकर रखे 7 लाख रुपए बरामद किए।

# रोटरी बनायेगा साक्षर भारत, 11 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का उद्घाटन



**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता द्वारा रविवार को उदयपुर जिले में साक्षर भारत अभियान के तहत नवीन ग्यारह प्रौढ़ शिक्षा केन्द् का शुभारंभ किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साक्षरता मिशन को गति देने के लिए रोटरी ने साक्षर भारत कार्यक्रम को हाथ में लिया है जिसके तहत लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा नवीन ग्यारह प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया। जिसका पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता, पूर्व प्रांतपाल डॉ निर्मल कुणावत, रोटरी क्लब उदयपुर युवा के अध्यक्ष यश कुणावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने फीता काटकर, दीप प्रज्वलित किया। केन्द्र के संस्थापक संचालक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा अतिथियों को उपरणा ओढ़ा तीरकमान भेंट किया गया। सभी अक्षरसाथियों ने अपना परिचय दिया।

पूर्व प्रांतपाल डॉ निर्मल कुणावत ने बताया कि रोटरी ने जिस तरह पोलियो का ख़ात्मा किया, उसी तरीक़े से शेखर मेहता के नेतृत्व में हम सभी को सभी निरक्षरों को साक्षर कर देश को आगे बढ़ाने का काम करने हेतु आगे आना होगा।

केंद्र संचालक भारत पुर्बिया ने बताया के हर केंद्र में 40 से अधिक एक सेंटर पर साक्षरता ग्रहण करेंगे। रोटरी अपने दम पर देश को पूर्ण साक्षर बनाने में सक्षम है।

रो.शेखर मेहता ले कहा कि कक्षा छह उत्तीर्ण छात्र ग्रीष्मावकाश के दौरान मात्र 45 दिन में अपने माता-पिता या किसी रिश्तेदार निरक्षर पड़ौसी को साक्षर बना सकता है। इस प्रकार भारत में लगभग 20 करोड़ अशिक्षित नागरिकों को कम समय में योजनाबद्ध तरीके से साक्षर बनाया जा सकता है।

## राज्यपाल पहुंचे उदयपुर, एयरपोर्ट पर अगवानी

**उदयपुर (पुकार)।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े उदयपुर संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को उदयपुर पहुंचे।



राज्यपाल रविवार सुबह 11.40 बजे राजकीय विमान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचे। यहां जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने उनकी अगवानी की। पुलिस जवानों ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति अजीतकुमार कर्नाटक, सलूंबर विधायक शांता देवी, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने भी राज्यपाल का स्वागत किया। बागड़े डबोक से सड़क मार्ग से नाथद्वारा गए तथा वहां श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन-पूजा के उपरांत राजसमंद में विविध आयोजनों में भाग लेकर शाम को उदयपुर सर्किट हाउस आए। उनका रात्रि विश्राम उदयपुर में रहा। अगले दिन 16 दिसम्बर को राज्यपाल सुबह 8.30 बजे चित्तौडगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## वाह ताज कहने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन की तबले पर चलने वाली अंगुलियां थमी

**उदयपुर (पुकार)।** शास्त्रीय संगीत में तबले पर अपनी जादुई अंगुलियां चलाने और थाप देने वाले पद्मभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन के सैन फ्रांसिस्को में इंतकाल पर आज संगीत प्रेमियों ने दुख व्यक्त किया। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा कि देश में वाह ताज के नाम कहने वाली आवाज और तबले पर थाप देने वाली अंगुलियां और हथेली आज थम गई। देश में बरसों तक संगीत प्रंमियों के दिलों पर तबले के माध्यम से राज करने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन वर्षो तक याद किये जायेंगे। उनके इंतकाल से संगीत क्षेत्र में एक स्थान सूना सा हो गया है जिसे भरा जाना संभव नहीं है।

## फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**उदयपुर (पुकार)।** पायनियर पब्लिक स्कूल, देबारी में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक नरेंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतीक गुप्ता, अंकित गुप्ता और कोच गुलाम अली खान, प्रशिक्षक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रतियोगिता की सफलता के लिए बधाई और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ बीके चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल, नोबल्स पब्लिक स्कूल, जिंक देबारी एकेडमी और सेंट्रल पब्लिक स्कूल की टीमों ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन एचएस चौहान (फुटबॉल कोच) ने प्रस्तुत किया । निर्णायक की भूमिका में तेजपाल सिंह झाला, दशरथ सुथार, पुनिता जैन ने भूमिका निभायी।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई

**उदयपुर (पुकार)।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि संस्थापक दिनेश माली के नेतृत्व में मनाई गई । प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने। मुंबई में सरदार पटेल का 15 दिसंबर 1950 में निधन हो गया। ट्रस्ट कार्यालय में सरदार पटेल की तस्वीर पर माला पहनकर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम संस्थापक दिनेश माली महामंत्री सूर्य प्रकाश सुहालका, संरक्षक पी एस पटेल,मणी बेन पटेल, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण सुहालका, धारावती सुहालका व दिनेश कुमार माली उपस्थित थे।



लायंस क्लब उदयपुर श्रीजी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माला पहनकर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायंस दिनेश कुमार माली, बालकृष्ण सुहालका, उपाध्यक्ष धारावती सुहालका, पी एस पटेल, मनीबेन पटेल उपस्थित थीं।

* वर्ष 40 * अंक 77 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर सोमवार दिनांक 16 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक



## 2034 तक नहीं हो पाएंगे विधानसभा-लोकसभा के एक साथ चुनाव? 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल में ये पेच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ करवाने की ओर मोदी सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद विधेयक को संसद के शीत सत्र के दौरान ही लोकसभा में पेश कर दिया जाएगा। बता दें कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। 14 मार्च को समिति ने अपनी रीपोर्ट सौंप दी थी। एकसाथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित विधेयक में संकेत यही मिलता है कि यह प्रक्रिया 2034 से लागू की जाएगी।

विधेयक की कॉपी की बात करें तो अगर किसी लोकसभा या विधानसभा में समय से पहले चुनाव करना है तो संसद या फिर विधानसभा को भंग करना पड़ेगा। विधेयक में आर्टिकल 82 (ए) को शामिल करने का प्रस्ताव है जिसके तहत सभी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव साथ में कराए जाएंगे। इसके अलावा आर्टिकल 83 में भी संशोधन करना पड़ेगा। इसमें संसद के सदनों के कार्यकाल की बात कही गई है। इसके अलावा आर्टिकल 172 और 327 में भी संशोधन करना होगा। इन आर्टिकल में विधानसभा के चुनाव के बारे में संसद को नियम बनाने का अधिकार दिया गया है।




गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट में 129वें संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी थी। जानकारी के मुताबिक आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक के दौरान राष्ट्रपति ही एक राष्ट्र एक चुनाव के समय का ऐलान करेंगे। इसका मतलब यह तारीख 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद निर्धारित की जाएगी। ऐसे में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 2034 से पहले नहीं शुरू हो पाएंगे।

सरकार लोकसभा में वित्तीय अनुदान संबंधी कामकाज पूरा करने के बाद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से संबंधित विधेयकों को पेश करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, दो विधेयक - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्यक्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक - सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध थे।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि सोमवार के लिए सूचीबद्ध अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद ये विधेयक इस सप्ताह बाद में पेश किए जा सकते हैं। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित कार्यसूची में सोमवार के एजेंडे में ये दोनों विधेयक शामिल नहीं हैं। हालांकि सरकार लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से अंतिम समय में 'अनुपूरक कार्य सूची' के माध्यम से संसद में विधायी एजेंडा पेश कर सकती है।

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने से संबंधित दो विधेयक प्रक्रिया के नियमों के अनुसार पिछले सप्ताह सांसदों के बीच वितरित किए गए। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त होगा।



## तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन की हालत नाजुक

### बहन बोलीं- मेरा भाई बहुत बीमार, दुआ करें; सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में भर्ती हैं

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन की हालत नाजुक है। उन्हें हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी है। वे सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। रविवार को पहले उनके निधन की खबर सामने आई थी, जिसे जाकिर की बहन खुर्शीद औलिया ने खारिज किया है। उन्होंने पीटीआई से कहा, भाई की हालत बहुत गंभीर है, उनकी सांसें बहुत तेज चल रही हैं। हम भारत और दुनिया भर में उनके प्रशंसकों से उनके लिए प्रार्थना करने के लिए कह रहे हैं। खुर्शीद ने कहा- मैं सभी मीडिया से अनुरोध करना चाहती हूं कि जाकिर के निधन के बारे में गलत जानकारी पर ध्यान न दें। उसकी हालत बहुत गंभीर है, लेकिन वे हमारे साथ हैं, वे जिंदा हैं। फेसबुक पर उनके निधन की खबरें देखकर मुझे बहुत बुरा लग रहा है। ये बहुत गलत है। संगीतकार जोड़ी सलीम-सुलेमान के सलीम मर्चेंट ने कहा- उस्ताद की हालत गंभीर है, लेकिन उनके निधन की खबर गलत है। उनका परिवार अमेरिका में है। मैं उनके काफी क्लोज हूं। ऐसी सूचना नहीं आई है। उस्ताद के भांजे अमीर औलिया की आईडी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की गई कि जाकिर हुसैन के निधन की खबरें गलत चल रही हैं। ऐसी खबर हटाई जाएं और उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें।

## केजरीवाल नई दिल्ली, आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ेंगी

### सभी 70 सीटों पर आप कैंडिडेट घोषित; 26 विधायकों के टिकट काटे, 4 की सीट बदली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। सीएम आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। आप ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है। 2020 में राघव चड्ढा राजेंद्रनगर से विधायक बने थे। 2022 में उनके राज्यसभा जाने के बाद से यह सीट खाली है।



## एआई इंजीनियर सुसाइड केस में गुरुग्राम से पत्नी तथा प्रयागराज से सास व साला अरेस्ट

### 6 दिन पहले बेंगलुरु में सुसाइड किया था

**जौनपुर (एजेंसी)।** एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में शनिवार को पत्नी निकिता, सास निशा और पत्नी के भाई अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया। बेंगलुरु पुलिस ने यह कार्रवाई की। डीसीपी शिवाकुमार ने कहा- सास और साले को प्रयागराज से, जबकि पत्नी को गुरुग्राम से गिरफ्तार करके बेंगलुरु लाया गया। रविवार सुबह कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अतुल ने 9 दिसंबर को बेंगलुरु के फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। आत्महत्या से पहले उसने 1.20 घंटे का वीडियो बनाया। इसमें पत्नी निकिता और उनकी फैमिली पर हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। बेंगलुरु में पत्नी निकिता, सास निशा, साले अनुराग और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया पर एफआईआर दर्ज की गई थी। मूल रूप से बिहार के रहने वाले अतुल सुभाष ने 24 पेज का सुसाइड लेटर लिखा और अपनी जिंदगी खत्म कर ली। उनका शव बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट में उनके फ्लैट से बरामद हुआ था। मरने से पहले उन्होंने 1 घंटे 20 मिनट का वीडियो भी बनाया।



## महाराष्ट्र में 33 कैबिनेट, 6 राज्य मंत्रियों की शपथ

### फडणवीस सरकार में 2 डिप्टी सीएम समेत 42 मंत्री, इनमें 1 मुस्लिम, 4 महिलाएं; 1 सीट खाली

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 23वें दिन रविवार को नागपुर में मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। फडणवीस सरकार में 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। सीएम और 2 डिप्टी सीएम समेत यह संख्या 42 हो गई। कैबिनेट में कुल 43 मंत्री शपथ ले सकते हैं। एक सीट खाली रखी गई है।



फडणवीस सरकार में 19 भाजपा, 11 शिवसेना और 9 एनसीपी कोटे से मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें 4 महिलाओं (3 भाजपा, 1 एनसीपी) और 1 मुस्लिम (एनसीपी) को जगह मिली है। कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री एनसीपी की अदिति तटकरे (36 साल) और सबसे उम्रदराज मंत्री भाजपा के गणेश नाइक (74 साल) हैं।

भाजपा के पंकज भोयर (पीएचडी) सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे मंत्री हैं। शिवसेना के भारत गोगावले सबसे कम पढ़े-लिखे (8वीं पास) मंत्री हैं। कैबिनेट में 30-40 साल के 2, 40-50 साल के 12, 50-60 साल के 12 और 60 साल से ज्यादा उम्र के 13 मंत्री शामिल किए गए हैं।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मंत्रियों का परफॉर्मेंस ऑडिट किया जाएगा। जिनका परफॉर्मेंस अच्छा नहीं होगा। उनके बारे में पुनर्विचार करेंगे। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बताया कि मंत्रियों को दो से तीन दिन में पोर्टफोलियो दे दिए जाएंगे।। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैंने और फडणवीस ने कहा था कि हम मिलकर 200 सीट लाएंगे। दादा (अजित पवार) के आने से बोनस मिला। मैं फडणवीस के पीछे मजबूती से खड़ा रहूंगा।

**भाजपा के पास गृह, शिवसेना को हेल्थ और एनसीपी को वित्त विभाग**

रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भाजपा गृह, राजस्व, हायर एजुकेशन, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। पार्टी ने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं, एनसीपी को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है। गृह और वित्त मंत्रालय को लेकर सहमति न बनने की वजह से कैबिनेट विस्तार में देरी हुई। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे गृह और वित्त मंत्रालय पर दावा कर रहे थे, जबकि भाजपा गृह मंत्रालय किसी को नहीं देना चाहती थी। शिंदे सरकार में गृह मंत्रालय तब के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास था। इसलिए एकनाथ शिंदे गृह मंत्रालय अपने पास रखना चाहते थे।

## अमित शाह से मिले सांसद रोत

### साल 2020 के दंगों के केस वापस लेने की रखी मांग; भील प्रदेश समेत कई मुद्दों पर की चर्चा



**डूंगरपुर (पुकार)।** बांसवाड़ा-डूंगरपुर से भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आदिवासी क्षेत्र को लेकर चर्चा की। सांसद राजकुमार ने दोनों की मुलाकात का एक फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सांसद राजकुमार रोत ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात को लेकर समय मांगा गया था। आज पार्लियामेंट ऑफिस में 3 मिनट की मुलाकात हुई। सांसद ने बताया कि जाट और सिख रेजिमेंट की तरह आदिवासी रेजिमेंट शुरू करने की मांग रखी है। जिस पर उन्होंने सकारात्मक विचार करने की बात कही है। साथ ही 2020 में डूंगरपुर जिले में नेशनल हाईवे 48 पर कांकरी-डूंगरी दंगों के केस वापस लेने के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी जारी करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के अधीन केस से राहत मिली है, लेकिन नेशनल हाईवे के केस केंद्र सरकार के पास पेंडिंग है।

**भील प्रदेश बनाने की मांग त्र** सांसद ने बताया कि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों को मिलाकर अलग से भील प्रदेश बनाने की मांग भी उठाई। सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने सभी बातों पर विचार करने का भरोसा दिलाया और बातचीत पॉजिटिव रही।

## उमर अब्दुल्ला बोले- कांग्रेस ईवीएम पर रोना बंद करे, कहा- जीत पर जश्न मनाते हैं, हारने पर सवाल क्यों; भरोसा नहीं तो चुनाव ही न लड़ें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस ईवीएम पर रोना बंद करे। चुनाव में जीतने पर आप जश्न मनाते हैं, जब हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह ठीक नहीं है। पार्टियों को चुनाव लड़ने से पहले यह तय करना चाहिए कि उन्हें ईवीएम पर भरोसा है या नहीं। एक इंटरव्यू में अब्दुल्ला ने कहा, जब आप ईवीएम के जरिए 100 से ज्यादा सांसद चुनते हैं, तब इसे अपनी पार्टी की जीत बताते हैं। दूसरे चुनाव में रिजल्ट आपके अनुकूल नहीं होता है तो इसे गलत बता देते हैं। ये ठीक नहीं हैं। यदि किसी पार्टी को ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो उसे चुनाव लड़ना ही नहीं चाहिए। इंटरव्यू में उमर ने केंद्र सरकार से अपना वादा निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था।

**उमर बोले- एलजी के साथ पावर शेयर करना कड़वा और विवादास्पद अनुभव**

उमर ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां की सरकार लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ पावर शेयर करती है। ये कड़वा और विवादास्पद अनुभव है। दिल्ली छोटा राज्य है, जबकि जम्मू और कश्मीर चीन और पाकिस्तान की सीमा से लगा एक बड़ा और रणनीतिक एरिया है। उन्होंने कहा- पिछले दो महीनों में जब से मैं सीएम बना हूं, मुझे अभी तक एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला जहां जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने से कोई लाभ मिला हो। ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां शासन या विकास का काम जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण मिला हो। उमर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण ही हो सके। हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने अस्पष्ट फैसला दिया। अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि जम्मू-कश्मीर के हाइब्रिड राज्य बने रहने की स्थिति में उनके पास एक बैकअप योजना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास बैकअप योजना नहीं होगी तो यह मूर्खता होगी।

**केंद्र के वादे पर लोग वोट देने निकले**

उमर ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का वादा किया। इसी कारण लोग वोट देने के लिए निकले। चुनाव प्रचार में लोगों से बार-बार कहा गया कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, तो आपने (केंद्र सरकार) ने ये नहीं कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा या जम्मू से मुख्यमंत्री बनने पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। मुझे लगता है कि ये वादा पूरा होगा।

## मणिशंकर अय्यर बोले- गांधी परिवार ने मेरा करियर बर्बाद किया

## 10 साल में सोनिया-राहुल से एक बार मिला, प्रणब मुखर्जी पीएम होते तो 2014 में नहीं हारते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने खुलासा किया है कि पिछले 10 साल में उन्हें सोनिया गांधी से सिर्फ एक बार मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने ही मेरा पॉलिटिकल करियर बनाया और बर्बाद भी किया है, लेकिन मैं कभी भाजपा में नहीं जाऊंगा। एक इंटरव्यू में अय्यर ने दो किस्से बताए- एक बार राहुल गांधी को शुभकामनाएं भिजवाने के लिए उन्हें प्रियंका गांधी को फोन करना पड़ा था। साथ ही एक बार उन्होंने सोनिया गांधी को मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं तो मैडम ने कहा- 'मैं क्रिश्चियन नहीं हूं।'



मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब (Mani Shankar Aiyar A Maverick in Politics) में बताया कि 2024 के चुनाव में उन्हें राहुल गांधी ने टिकट नहीं दिया और राहुल ने कहा था- हरगिज मणिशंकर अय्यर को टिकट नहीं देंगे क्योंकि वो बहुत बुड्ढे हो गए हैं। अय्यर तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से तीन बार लोकसभा चुनाव जीते चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं।

**अय्यर बोले- प्रणब मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो चुनाव बुरी तरह नहीं हारते**

अय्यर ने बताया कि प्रणब मुखर्जी को उम्मीद थी कि उन्हें देश का प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाएगा। यदि मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह नहीं हारती। उन्होंने कहा कि 2012 से ही कांग्रेस की स्थिति खराब थी। सोनिया गांधी बहुत बीमार पड़ गईं और मनमोहन सिंह को 6 बार बाईपास कराना पड़ा था, जिससे चुनाव में पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री एक्टिव नहीं थे। ऐसी स्थिति प्रणब मुखर्जी बखूबी संभाल सकते थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में भाजपा को 282 सीटों पर जीत मिली थी और कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी।

## जयपुर के उत्कर्ष कोचिंग क्लासेज में बदबू से बेहोश हुए 12 स्टूडेंट्स, दो की हालत गंभीर

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के जयपुर के उत्कर्ष कोचिंग में रविवार देर शाम एक दर्जन स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। जानकारी के अनुसार, कोचिंग में दूसरी मंजिल पर क्लास चल रही थी। इसी दौरान सीवरेज लाइन से उठी बदबू से छात्र-छात्राओं में बेहोशी छाने लगी थी। पुलिस मौके पर पहुंची है।जानकारी के अनुसार, कोचिंग में दूसरी मंजिल पर क्लास चल रही थी। इसी दौरान सीवरेज लाइन से उठी बदबू से छात्र-छात्राओं में बेहोशी छाने लगी थी। पुलिस मौके पर पहुंची है। राजधानी जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में एक प्राइवेट कोचिंग में अचानक स्टूडेंट्स के बेहोश होने का मामला सामने आया है।

रविवार देर शाम को क्लास रूम में ही स्टूडेंट्स की सांसे फूलने लगी। उसके बाद सभी को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। बताया जा रहा है कि कोचिंग में क्लास के दौरान एसी के अंदर से गैस की बदबू आई, जिससे स्टूडेंट्स बेहोश होने लगे। हालांकि, सभी छात्र- छात्राओं की हालत में सुधार बताया जा रहा है।



महेश नगर थाना अधिकारी कविता शर्मा ने बताया कि रिद्धि सिद्धि तिराहे के पास एक निजी कोचिंग के स्टूडेंट्स बेहोश हो गए। रविवार देर शाम को कोचिंग की दूसरी मंजिल पर क्लास चल रही थी। करीब 7 बजे क्लास रूम में अजीब सी बदबू आने लगी, जिसकी वजह से करीब स्टूडेंट बेहोश हो गए। स्टूडेंट के बेहोश होने पर तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सभी स्टूडेंट्स की हालत में सुधार है। स्टूडेंट से पूछने पर पता चला कि एक अजीब सी बदबू आने की वजह से वो बेहोश हो गए थे। बीमार पड़े 10 विद्यार्थियों में 8 छात्राएं, 1 कुक और एक छात्र शामिल हैय् इनमें से 2 को सोमानी अस्पताल रेफर किया गया है।

घटना के बाद प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। वहीं, स्टूडेंट के परिजनों के साथ ही काफी संख्या में छात्र मौके पर पहुंचे। छात्र नेता निर्मल चौधरी अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। जहां पुलिस से उनकी झड़प हो गई। वहीं, भीड़ को भी हटाने का प्रयास किया गया। सूचना के बाद जयपुर शहर की सांसद मंजू शर्मा अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने बीमार पड़े छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। डॉक्टर का कहना है कि बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इधर, कोचिंग संस्थान में गैस लीकेज के मामले में ग्रेटर नगर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर ने जांच कमेटी बनाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

## राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 'राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी' का आयोजन, महिला सुरक्षा के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को दिखाई हरी झंडी

**जयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' का उद्घाटन किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, चिकित्सा, उद्योग, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर जाकर विभागों द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने 'निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली' का संदेश देती विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। उन्होंने सरकार के 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को दर्शाती प्रदर्शनी की सराहना की।



**राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला का किया शुभारंभ :** मुख्यमंत्री ने जवाहर कला केन्द्र में राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला- 2024 का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने राजसमन्द की मीनाकारी, जयपुर की ब्लूपॉटरी, जम्मू की पश्मीना शॉल सहित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में जीआई टैग के उत्पादों को देखकर इनकी संख्या में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉलों के बारे में जानकारी दी।

**मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस, इन्टरसेप्टर एवं पेट्रोलिंग वाहनों को दिखाई हरी झंडी :** शर्मा ने सवाई मानसिंह स्टेडियम से 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प' समारोह में 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन, 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहन एवं 750 मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्री शर्मा ने प्रदेश में सुरक्षा एवं शांति के प्रतीक स्वरूप आसमान में गुब्बारे छोड़े।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद श्री मदन राठौड़, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, पुलिस महानिदेशक श्री यू.आर.साहू आदि मौजूद रह।

## अविश्वास प्रस्ताव पर हम साथ नहीं

### जगदीप धनखड़ के खिलाफ एकजुट हो रहे विपक्ष को बीजेडी का झटका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ एकजुट हो रहे विपक्ष को बीजेडी ने झटका दिया है। लगभग ढाई दशक तक ओडिशा की सत्ता पर काबिज रहने वाली बीजू जनता दल ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के अविश्वास प्रस्ताव को समर्थन नहीं देने का फैसला किया है। पार्टी के सांसद निरंजन बिशी ने कहा कि इंडी गठबंधन में से किसी ने भी हमसे अविश्वास प्रस्ताव पर समर्थन मांगने के लिए संपर्क नहीं किया है। इसलिए हम यह पक्का कर चुके हैं कि हम अविश्वास पक्ष के समर्थन में वोट नहीं करेंगे। इससे पहले बीजू जनता दल के सर्वेसर्वा और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा था कि पार्टी नेतृत्व अभी अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में जारी घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। इसके बारे में जो भी जरूरी कदम होंगे, हम उन्हें जरूर उठाएंगे। संसद में 10 दिसंबर को विपक्ष ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर पक्षपात पूर्ण व्यवहार करने और सरकार की नीतियों का भावुक प्रवक्ता होने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया था। बीजेडी के विपक्षी गठबंधन से अलग रुख अपनाने के बाद अविश्वास पास होने की संभावना नहीं है। क्योंकि राज्यसभा में बीजेडी के सात सदस्य हैं। 2022 में पार्टी ने उपराष्ट्रपति पद के लिए जगदीप धनखड़ की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

# सम्पादकीय

## कोसना ही संविधान समीक्षा नहीं

भारत के संविधान में 125 से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। सभी संसद में पारित किए गए। संविधान और गणतंत्र के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर संसद एक लंबा विमर्श करे, संविधान की समीक्षा की जाए और फिर प्रधानमंत्री सदनों को संबोधित करें। संसदीय परंपरा यही रही है और उसी का अनुपालन किया जाना चाहिए, लेकिन संविधान समीक्षा के नाम पर अतीत के प्रधानमंत्रियों और उनके फैसलों को लगातार कोसा जाए, कांग्रेस को संविधान का 'शिकार करने वाली पार्टी' करार दिया जाए, खून मुंह लग गया है, लिहाजा संविधान को बार-बार 'लहूलुहान' किया गया, ऐसे कथन संविधान की समीक्षा नहीं कहे जा सकते। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के 17 साला कालखंड के दौरान 17 बार संविधान में संशोधन किए गए। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकालों के दौरान क्रमशः 28 बार और 10 बार संविधान में संशोधन किए गए, तो आज उन पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं? उनकी प्रासंगिकता क्या है? वे तमाम संविधान-संशोधन संसद ने ही पारित किए, तो संविधान कैसे 'घायल' किया गया? यदि देश की स्वतंत्रता के बाद करीब 55 साल कांग्रेस ने देश पर शासन किया, तो देश ने जनादेश दिया होगा! क्या जनादेश का अपमान करना ही संविधान की समीक्षा है? संविधान की समीक्षा के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 110 मिनट के संबोधन में लोकसभा में 11 संकल्प रखे। उनमें खास हैं-नागरिक और सरकार अपने कर्त्तव्यों का पालन करें। हर क्षेत्र और समाज का समान विकास सुनिश्चित किया जाए।

देश के कानून, नियमज्देश की परंपराओं के पालन में गर्व हो। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो। सिर्फ स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए। जिन्हें आरक्षण मिल रहा है, उसे न छीना जाए, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण की कोशिश पर रोक लगे। राजनीति परिवारवाद से मुक्त हो। भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' और भ्रष्टाचारी सामाजिक स्वीकार्य न हो। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के जरिए भारत एक मिसाल बने। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का ध्येय हो।' इन संकल्पों को लोकसभा में प्रस्ताव के तौर पर पारित किया जाता, तो वह संविधान का हिस्सा हो सकता था। वह संविधान की समीक्षा की कोशिश भी होती। संविधान के कुछ अनुच्छेद आज अप्रासंगिक हो सकते हैं, कुछेक में अनिवार्य संशोधन या मिटाने की जरूरत होगी, तो संसद उन पर व्यापक बहस करती और अंतिम संशोधन पारित करती, तो उसे संविधान-समीक्षा माना जा सकता था। प्रधानमंत्री ने जो कुछ कहा, वह निरी सियासत के अलावा कुछ भी नहीं। दूसरी तरफ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान और 'मनु स्मृति' की तुलना करने का प्रयास किया। यह बुनियादी तौर पर गलत है, क्योंकि संविधान हमारे महान पुरखों की 'संविधान सभा' में लगातार विमर्श के बाद, बाकायदा अनुच्छेदों में, लिखा गया है। उसे राष्ट्रीय मान्यता दी गई है। 'मनु स्मृति' न तो कोई संवैधानिक संकलन है और न ही पुराण, वेद, उपनिषद-सम्मत कोई दस्तावेज है। 'मनु स्मृति' का संबंध करीब 100 साल पुराने आरएसएस, जनसंघ और भाजपा से भी नहीं है। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों ने एक मान्यता गढ़ ली और वे 'मनु स्मृति' को संविधान के समानांतर मानते रहे हैं। यह सोच और मानसिकता भी गलत है। यदि किसी 'मनु' को प्रकृति का 'आदि-पुरुष' माना जाता है, तो वह राहुल गांधी की कांग्रेस, सपा, राजद, तृणमूल और वामपंथी दलों का भी 'आदि-पुरुष' होगा।

# साइबर क्राइम से निजी जानकारी-सुरक्षा को खतरा

**इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लगातार लागू करने, निगरानी करने और अपग्रेड करने की आवश्यकता भी बढ़ रही है। विदेशी विरोधियों, आतंकवादियों और रोजमर्रा के घोटालेबाजों के बीच, साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिष्कृत होते जा रहे हैं ...**

**प्रो. मनोज डोगरा**

वर्तमान युग तकनीकी व साइबर विकास का है, प्रौद्योगिक क्रांति का है। अनेक कार्य तकनीक की सहायता से सुगम हो चुके हैं। सभी कार्य आसानी से घर बैठे सम्पन्न हो जाया करते हैं। बाजार की पहुंच भी घर तक सुनिश्चित हो चुकी है, लेकिन इसी क्रम में अपराधियों की पहुंच भी सीधे घर तक हो गई है। पलक झपकते ही अपराधी अपने मंसूबों को अंजाम दे डालते हैं। भारत जहां विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मगर दूसरी तरफ अपराधी भी अपना तकनीकी विकास कर धड़ल्ले से लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। तकनीक में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध ने लोगों की निजी जानकारी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

साइबर अपराध के कई प्रकार हैं, चाहे वो जानकारी चोरी करना हो, हैकिंग हो, फिशिंग हो, वायरस फैलाना हो, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक कॉल, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर अफवाह फैलाना व साइबर बुलिंग इत्यादि हो। इस प्रकार के अपराधों में निरंतर वृद्धि चिंताजनक है।

जिस देश का प्रधानमंत्री स्वयं मन की बात जैसे देशव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से चिंता व्यक्त कर इससे बचने हेतु आगाह कर रहा हो, सोचिए वो कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों से आग्रह है कि जब भी कोई कॉल आए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि रुको, सोचो, फिर एक्शन लो। इस क्रम को अपनाने की आवश्यकता है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में साइबर क्राइम के 65893 मामले देश भर में दर्ज किए गए हैं। साल 2021 में 52974 मामले दर्ज किए गए थे। इस तरह एक साल के दौरान साइबर अपराध में 24.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें भी करीब 65 फीसदी मामले धोखाधड़ी के ही हैं।

यानी 65893 मामलों में 42710 धोखाधड़ी के मामले हैं, जबकि 3648 मामले जबरन उगाही के हैं। 2023 व 2024 में भी स्थिति कोई संतोषजनक नहीं, बल्कि ये छलांग मार कर तेज गति से बढ़ रहे हैं। भारत में उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए निरंतर नवाचार और तत्परता की आवश्यकता है।

साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने से नए विचार और विशेष विशेषज्ञता सामने आ सकती है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यवसायों और व्यक्तियों की सुरक्षा करेगा, बल्कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा। भारत भर में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी ग्रामीण इलाकों में सीमित डिजिटल जानकारी रखने वाले लोगों से लेकर शहरी इलाकों में तकनीकी रूप से दक्ष लोगों तक को अंधाधुंध तरीके से निशाना बना रही है। भारत आज भले ही डिजिटल विकास के छोर पर आकर बैठा है, लेकिन कंपनियों को सुनिश्चित करना है कि वे डिजिटल विकास से आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं भी या नहीं।

ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी व बोर्ड के एजेंडे में साइबर सुरक्षा सर्वोपरि हो ताकि डिजिटल संग्रह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भले मानने योग्य है कि जागरूकता की कमी है, लेकिन हैकर सब कुछ इस तरीके से करते हैं कि आपकी जागरूकता धरी की धरी रह जाती है। इसमें सुरक्षा उपायों की कमी महसूस होती है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका सबसे महत्वपूर्ण व आवश्यक इलाज जागरूकता ही प्रतीत होती है। साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के किसी अन्य सेट का उपयोग करके की जाने वाली असंख्य आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है।




व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। बदले में, साइबर अपराधों की प्रभावी जांच, मुकदमा चलाने और उन्हें रोकने की क्षमता कई गतिशील चुनौतियों के साथ एक सतत लड़ाई है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा हैं और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है।

जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं, साइबर अपराध का खतरा बढ़ता जा रहा है। इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लगातार लागू करने, निगरानी करने और अपग्रेड करने की आवश्यकता भी बढ़ रही है। विदेशी विरोधियों, आतंकवादियों और रोजमर्रा के घोटालेबाजों के बीच, साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिष्कृत होते जा रहे हैं।

व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं को साइबर अपराध को सुरक्षा प्रणालियों में घुसपैठ करने और संवेदनशील डेटा में घुसपैठ करने से रोकने के लिए सक्रिय उपाय करने चाहिएं। जबकि कुछ साइबर अपराध रोकथाम रणनीतियां हमलावरों को रोकने में दृढ़ हैं, इन पहलों का समर्थन करने में मदद करने के लिए आधुनिक तकनीकों की एक नई लहर भी आई। इसके बावजूद सचेत होकर कार्य करने की जरूरत है।

**सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से 5 के मार्केट कैपिटलाइजेशन में हुई बढ़ोतरी**

# भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज के एम कैप में गिरावट

● **नई दिल्ली** (एजेंसी)।




पिछले हफ्ते बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़ गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 90.5 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की तेजी रही। इस दौरान सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के मार्केट कैप में 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा फायदे में भारती एयरटेल रही। उसका मार्केट कैप 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### 2024 में अब तक 7,747 करोड़ रुपये रहा एफपीआई निवेश

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा प्रवाह के साथ 2024 में अब तक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है। एफपीआई ने 13 दिसंबर तक शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसकी वजह यह है कि माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती करेगा। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने बॉन्ड में सामान्य सीमा के तहत 4,814 करोड़ रुपये का निवेश किया है। वहीं उन्होंने स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 666 करोड़ रुपये की निकासी की है।

### इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा

| कंपनी | वृद्धि | एमकैप |
|---|---|---|
| भारती एयरटेल | 47,836.6 | 9,57,842.40 करोड़ |
| इन्फोसिस | 31,826.97 | 8,30,387.10 करोड़ |
| एचडीएफसी | 11,887.78 | 14,31,158.06 करोड़ |
| आईसीआईसीआई | 11,760.8 | 9,49,306.37 करोड़ |
| टीसीएस | 9,805.02 | 16,18,587.63 करोड़ |

### इनका बाजार मूल्यांकन घटा

| कंपनी | गिरावट | एमकैप |
|---|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 52,031.98 | 17,23,144.70 करोड़ |
| एलआईसी | 32,067.73 | 5,89,869.29 करोड़ |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 22,250.63 | 5,61,423.08 करोड़ |
| एसबीआई | 2,052.66 | 7,69,034.51 करोड़ |
| आईटीसी | 1,376.19 | 5,88,195.82 करोड़ |

### फेड, बीओई, बीओजे की मौद्रिक नीति पर रहेगी बाजार की नजर

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सस्ते भाव वाले शेयरों में तेज खरीददारी यानी 'बॉटम फिशिंग' की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी फेड रिजर्व, बैंक ऑफ इंगलैंड (बीओई) एवं बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिका के जीडीपी आंकड़ों पर नजर रहेगी। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह शुक्रवार को बाजार में आई तेजी से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। निचले स्तर से उछाल यह संकेत देता है कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है। अगले सप्ताह भी बाजार में निवेशकों की बॉटम फिशिंग की रणनीति जारी रहने की उम्मीद है। इसके अलावा निवेशकों की अमेरिकी फेड, बीओई और बीओजे की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर भी नजर रहेगी।

# सरकारी बैंकों का जीएनपीए 3. 12% हुआ

## पीएसबी को 1.41 लाख करोड़ का हुआ शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। भारत के सरकारी बैंक अब अपनी वित्तीय कायापलट कर रहे हैं, एक ओर जहां सरकारी बैंक मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके बट्टे खाते यानी ग्रॉस एनपीए तेजी से कम हुआ है। वित्त मंत्रालय के अनुसार भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ अर्जित करके रिकार्ड कायम किया है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात में भारी गिरावट आई है, जो सितंबर 2024 में 3.12 प्रतिशत तक गिर गई।

मंत्रालय की मानें तो यह ऐतिहासिक उपलब्धि इस क्षेत्र में मजबूत बदलाव को दर्शाती है, जो परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2024-25 की पहली छमाही में 85,520 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, पीएसबी ने पिछले तीन वर्षों में 61,964 करोड़ रुपए का कुल लाभांश देकर शेयरधारकों के रिटर्न में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सकल एनपीए अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो मार्च 2018 के 14.58 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2024 में 3.12 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2015 में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब भारतीय रिजर्व बैंक ने एसेट क्वालिटी रिव्यू की शुरुआत की।

## एससीबी के एनपीए में 2.67 प्रतिशत की कमी

वित्त मंत्रालय के मुताबिक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के लिए सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात मार्च 2018 में 11.18 प्रतिशत से जून 2024 में 2.67 प्रतिशत तक उल्लेखनीय रूप से कम हो गया। मंत्रालय ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में आगे कहा कि परिसंपत्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जबकि अनंतिम कवरेज अनुपात (पीसीआर) भी मार्च 2015 के 49.31 प्रतिशत से बढ़कर जून में 92.52 प्रतिशत हो गया है, जो बढ़ी हुई लचीलापन को दर्शाता है। एनपीए एक ऐसा ऋण है जिसने निर्दिष्ट अवधि के लिए बैंकों के लिए मूल राशि पर आय या ब्याज उत्पन्न नहीं किया है।

## हिंदुजा समूह को जनवरी के अंत तक रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण करने की उम्मीद




**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल को कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आर-कैप) का अधिग्रहण अगले महीने तक पूरा होने की उम्मीद है। उसका लक्ष्य अगले पांच साल में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) कारोबार को तीन गुना से अधिक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है।

आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा ने कहा, रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया से संबंधित अधिकांश स्वीकृतियां और प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रशासक और सीओसी की ओर से कुछ प्रक्रियाएं पूरी होनी बाकी हैं। उम्मीद है कि ये सभी अगले चार से छह सप्ताह में पूरी हो जाएंगी और जनवरी के अंत तक आर-कैप हिंदुजा समूह के अधीन आ जाएगी। उन्होंने कहा कि आर-कैप के अधिग्रहण के साथ इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड 2030 तक 50 अरब डॉलर के मूल्यांकन का लक्ष्य बना रही है, जबकि वर्तमान में उसका मूल्यांकन 15 अरब डॉलर है।

## धोखाधड़ी का खुलासा तभी जब यह सूचीबद्ध इकाई के संबंध में हो

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी), प्रवर्तकों के पुनर्वर्गीकरण और सेक्रेटरियल ऑडिट जैसे क्षेत्रों में लिस्टिंग दायित्व और खुलासा आवश्यकताओं (एलओडीआर) के नियमों में कई बदलावों को अधिसूचित किया है।

एलओडीआर में संशोधनों में कारोबार को आसान बनाने के कई उपाय भी शामिल हैं। जैसे कुछ खुलासों के लिए समय-सीमा बढ़ाना और सीमा के आधार पर कर विवादों का खुलासा करना। 12 दिसंबर की अधिसूचना में कहा गया, 'प्रमोटर, निदेशक या प्रमुख प्रबंधन कर्मी के अलावा वरिष्ठ प्रबंधन की धोखाधड़ी का खुलासा केवल तभी करना होगा जब यह सूचीबद्ध इकाई के संबंध में हो।'

बाजार नियामक ने आरपीटी की परिभाषा में कुछ छूट भी प्रदान की है। जैसे किसी सूचीबद्ध इकाई की सहायक कंपनियों द्वारा की गई कॉरपोरेट कार्रवाइयां और सूचीबद्ध इकाई या उसकी सहायक कंपनियों पर हुई कॉरपोरेट कार्रवाइयां, जो सभी शेयरधारकों पर उनकी शेयरधारिता के अनुपात में समान रूप से लागू होती हैं। इसके अलावा, प्रवर्तक समूह को छोड़कर निदेशकों, प्रमुख अधिकारियों और वरिष्ठ प्रबंधन को पारिश्रमिक और अन्य शुल्क के भुगतान को संबंधित पक्ष लेनदेन मानदंडों के तहत ऑडिट कमेटी की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

# 10 वर्षों में 523 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है देश का पर्यटन

### 6 करोड़ से ज्यादा रोजगार की उम्मीद

● **नई दिल्ली** (एजेंसी)।



भारत के पर्यटन क्षेत्र का आकार अगले 10 साल में दोगुना होकर 523 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जूलिया सिम्पसन ने यह बात कही। डब्ल्यूटीटीसी यात्रा और पर्यटन उद्योग के मुद्दों पर सरकारों के साथ काम करती है और इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक योगदान पर वैश्विक प्राधिकरण है। सिम्पसन ने कहा, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र भारत में 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और मूल्य के हिसाब से यह दोगुना होने जा रहा है।

अगले 10 वर्षों में भारत में यह क्षेत्र 523 अरब डॉलर का हो जाएगा, जो वर्तमान आकार 256 अरब डॉलर से दोगुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा, 10 साल में भारत में पर्यटन क्षेत्र 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। सिम्पसन ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे खूबसूरत और अद्भुत देशों में से एक है। सदियों से पर्यटक और आगंतुक इसके तटों और अद्भुत शहरों की ओर आकर्षित होते रहे हैं।

### भारत दुनिया की विकासशील उन्नत व्यवस्थाओं में से एक

उन्होंने कहा कि हालांकि, तटीय क्षेत्र मौसम में खतरनाक परिवर्तनों और बढ़ते समुद्री स्तर के मामले में ग्लोबल वार्मिंग के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीटीसी ने हाल ही में तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करने के उपायों के बारे में एक रिपोर्ट जारी की है। 'अगर आप मियामी जैसी जगहों को देखें तो वे अपने तटीय क्षेत्र को मजबूत बनाने में बहुत निवेश कर रहे हैं। उनके पास अच्छी चेतावनी प्रणाली हैं और उन्होंने ऐसे बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया है जो इन बहुत ही चुनौतीपूर्ण मौसम की घटनाओं का प्रतिरोध करता है।

# एनबीसीसी ने मार्च तक के लिए रखा 1 लाख करोड़ के समेकित ऑर्डर बुक करने का लक्ष्य

### कंपनी के पास करीब 84,000 करोड़ रुपये के बुक हैं ऑर्डर

**नई दिल्ली,** :(एजेंसी)। सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी लिमिटेड ने अगले साल मार्च तक मौजूदा 84,400 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये के समेकित ऑर्डर बुक तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि कंपनी पूरे भारत में कारोबार का विस्तार करना चाहती है। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी (पीएमसी), इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) और रियल एस्टेट कारोबार में है।




एनबीसीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पी महादेवस्वामी ने निवेशकों से कहा, एनबीसीसी के पास करीब 84,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक हैं। हम इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 1 लाख करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य बना रहे हैं। निवेशकों के साथ चर्चा के अनुसार, उन्होंने कहा कि समेकित स्तर पर कुल ऑर्डर बुक 84,400 करोड़ रुपये है, जिसमें एनबीसीसी का हिस्सा करीब 70,400 करोड़ रुपये है। शेष ऑर्डर बुक इसकी सहायक कंपनियों की है।

## ऑटो एक्सपो का आयोजन अगले माह

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। ऑटो एक्सपो के अपकमिंग एडिशन में 34 व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां भाग लेने जा रही हैं। यह 1986 में इस आयोजन के पहले एडिशन के बाद से अब तक पार्टिसिपेंट्स की सबसे बड़ी संख्या होगी। एसीएमए और सीआईआई के साथ साझेदारी में सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स 17वें ऑटो एक्सपो द मोटर शो का आयोजन करेगी। इसका आयोजन अगले महीने 17-22 जनवरी तक किया जाएगा।

## भारतीय कंपनियों ने नवंबर तक क्यूआईपी से जुटाए 1.21 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से धन जुटाने के मामले में 2024 अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। क्यूआईपी के माध्यम से जुटाई गई राशि पहली बार किसी कैलेंडर वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई, जो मजबूत शेयर बाजार की स्थिति और उच्च मूल्यांकन से प्रेरित है। प्राइम डेटाबेस द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने नवंबर तक क्यूआईपी के माध्यम से 1,21,321 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह पिछले कैलेंडर वर्ष में जुटाए गए 52,350 करोड़ रुपये की तुलना में दो गुना से अधिक है। विश्लेषकों ने कहा कि तेज वृद्धि से पता चलता है कि बाजार की मजबूती इस वृद्धि को चलाने वाला एक प्रमुख कारक रहा है क्योंकि कंपनियां क्यूआईपी के माध्यम से पूंजी जुटाना जारी रखेंगी।

# देश से पहली बार स्मार्टफोन का मासिक निर्यात पहुंचा 20,000 करोड़ रुपए के पार

### भारत ने निर्यात में रचा इतिहास



**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। भारत से स्मार्टफोन का निर्यात ने पिछले सभी रिकॉर्डों को तोड़ दिया है। पहली बार किसी एक महीने के दौरान 20,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। कंपनियों द्वारा प्रस्तुत और उद्योग संगठनों से संकलित आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है। इस साल नवंबर में स्मार्टफोन का निर्यात 20,395 करोड़ रुपये तक पहुंच गया जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 92 फीसदी अधिक है। पिछले साल नवंबर में यह आंकड़ा 10,634 करोड़ रुपये रहा था। भारत से स्मार्टफोन के निर्यात के मामले में ऐपल आईफोन अग्रणी रहा और उसके बाद दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनी सैमसंग का स्थान रहा। नवंबर के निर्यात में इन दोनों की महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी रही। इस बाबत जानकारी के लिए ऐपल इंक और सैमसंग इंडिया को भेजे गए सवालों का खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला।

एपल इंक और उसके वेंडर नवंबर 2024 में 14,000 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन का निर्यात करते हुए सबसे आगे रहे थे। कंपनी का पिछला मासिक रिकॉर्ड अक्टूबर में 12,000 करोड़ रुपये के स्मार्टफोन निर्यात का था।

## संक्षिप्त समाचार

### अंत्योदय सेवा शिविर में विभिन्न वर्गों को मिला योजनाओं का लाभ

राजसमंद, 15 दिसम्बर। जिला मुख्यालय पर अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन रविवार को अणुव्रत विश्व भारती सभागार में हुआ। इस दौरान राज्य



स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों, विशेष योग्यजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों और पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जय प्रकाश चारण ने बताया कि जिला स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर में 8 स्कूटी, 5 ट्राई साइकिल, 10 व्हीलचेयर,10 बैसाखी, 40 हियरिंग एड आदि प्रदान किए गए। अतिथियों ने विश्वकर्मा पेंशन की पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान एसडीएम बृजेश गुप्ता, श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राईका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### झालावाड़ जिला प्रमुख प्रतिनिधि डांगी का किया स्वागत



राजसमंद, 15 दिसम्बर। जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी एवं भाजपा नेता व अखिल मेवाड़ जाट महासभा के अध्यक्ष माधव चौधरी ने रविवार को राजसमंद जिला परिषद में झालावाड़ के जिला प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमचंद डांगी का स्वागत किया। इस असवर पर चौधरी ने जिला प्रमुख डांगी के साथ पंचायतराज की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण पर चर्चा की।

### हरिवंश कीर समाज के खेल प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन

राजसमंद, 15 दिसम्बर। मोही हरिवंश कीर समाज का संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का विमोचन शनिवार को हुआ। चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर ने बताया कि कपासन हरिवंश कीर समाज के



छात्रावास में आगामी 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का विमोचन पुष्कर कमेटी अध्यक्ष कीकाराम कीर, मध्यप्रदेश अध्यक्ष कोमलसिंह वानिया, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष किशनलाल कीर की मौजूदगी में खेलकूद प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन हुआ। उन्होने बताया कि समाज में क्रिकेट, कबड्डी तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उदयपुर संभाग के अलावा भीलवाड़ा में निवासरत कीर समाज को भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सहमति प्रकट की गई। इस दौरान मानसिंह पटेल, विक्रमसिंह पटेल, लक्ष्मणलाल कीर, कैलाशचंद्र, मनीष चांदना, मुकेश कीर, रामबक्स कीर, बाबूलाल कीर, लक्ष्मण कीर, सरपंच कैलाशचंद्र कीर, नारायणलाल, उदयलाल, पूरणमल, तुलसाराम, सुनील बलवाना सहित समाज के शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### डायरिया और निमोनिया से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन

राजसमंद, 15 दिसम्बर। जिले के कुंवारिया तहसील में रेकिट डिटॉल स्वस्थ बनेगा इंडिया और प्लान इंडिया के सेल्फ केयर प्रोजेक्ट न्यू मॉम्स एंड किड्स अंडर 5 में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को डायरिया और निमोनिया से बचाव की जानकारी दी। कुंवारिया, फियावड़ी और महासतियों की मादड़ी गांवों में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायरिया और निमोनिया से बचाव के उपाय जैसे नियमित हाथ धोना, स्वच्छ पानी का उपयोग और साफ-सफाई के महत्व को रोचक तरीके से पेश किया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इन बीमारियों के लक्षणों और समय पर इलाज के उपायों की जानकारी भी दी गई।

### अखण्ड कीर्तन में भाव विभोर हुए साधक

राजसमंद, 15 दिसम्बर। शहर के चौमुखा महादेव मंदिर जलचक्की स्थित आनंद मार्ग उप्रावि में रविवार को अखंड कीर्तन आयोजित किया गया जो तीन घंटे तक चला। कार्यक्रम की शुरुआत में अवधूतिका मंजरी दीदी ने गुरूदेव आनंदमूर्ति द्वारा रचित प्रभात संगीत गायन किया। इसके बाद इंद्राणी दीदी के नेतृत्व में आनंदमार्ग के साधकों ने परमात्मा का नाम ही सबकुछ है... के भाव में भाव विभोर होकर अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम किया। इससे वातावरण मधुमय बन गया। चरम निर्देश में सभी साधकों ने यम-नियम का सख्ती के साथ पालन करने का संकल्प लिया। अवधूतिका मंजरी दीदी ने कहा कि जब भक्त मन से परमपुरुष के प्रति एकांतिक तन्मय हो जाता है, तो उस स्थिति में परमपुरुष चाहकर भी भक्त से दूर नहीं रह सकते हैं। अर्थात् परमपुरुष को भक्त के आह्वान पर आकृष्ट होना ही पड़ता है। इसलिए परमपुरुष कहते हैं कि उनके भक्तगण जहां भी कीर्तन करते हैं, वे वहां उपस्थित रहता है। कार्यक्रम के अंत में आनन्दमयी ने मार्ग गुरुदेव ससे जुड़े संस्मरण सुनाए। इस दौरान सुषमा दीदी, आनन्दमयी, अनुपम, जया खिलनानी, रमेशचन्द्र, कौशिकी, चेतन आदि साधक उपस्थित थे।

# किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उनकी आय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करें : महामहिम राज्यपाल

● सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे : महामहिम राज्यपाल
● महामहिम राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक





राजसमंद, 15 दिसम्बर। रविवार को महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर केंद्र प्रायोजित योजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ विधायक दीप्ति माहेश्वरी और जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट मौजूद रहे। राज्यपाल की बैठक में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सर्वप्रथम उनका शाब्दिक स्वागत कर जिले का सामान्य परिचय प्रस्तुत किया। जल जीवन मिशन की समीक्षा करत हुए राज्यपाल ने अब तक हुई प्रगति को देखा। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में 65 हजार 942 परिवारों को इस योजना में लाभान्वित किया जा चुका है जो लक्ष्य का 64.75 प्रतिशत है। इस पर राज्यपाल ने शेष कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हुए शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वृहद पेयजल योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि 1092 करोड़ रुपए की लागत से चम्बल-देवगढ़-भीम परियोजना का कार्य जारी है जिससे ब्लॉक भीम-देवगढ़ के 197 गांवों के 33169 घरों में नल से जल पहुंचेगा। ऐसे ही 133 करोड़ रुपए की लागत से 44 गांवों के लिए बाघेरी का नाका-चिकलवास योजना पर बताया कि 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके बाद राज्यपाल ने केन्द्रीय सड़क निधि योजना के तहत जारी निर्माण कार्यों जैसे 64.34 करोड़ रुपए की लागत से केलवाड़ा-ओलादार चौराहा (राजसमंद) से भड़सोड़ा चौराहा (चित्तौड़गढ़) सड़क का चौड़ाईकारण एवं सुदृढीकरण, 15 करोड़ की लागट से मावली-नाथद्वारा सड़क संबंधी कार्य सहित अन्य कार्यों की समीक्षा कर शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में जिले के विभिन्न इलाकों में जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत/प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने बताया कि अब तक 1 लाख 71 हजार 240 आयुष्मान कार्ड वितरित हो चुके हैं। किसानों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्यपाल ने सहकारिता विभाग की पैक्स कम्प्यूटर योजना, पैक्स एस कॉमन सर्विस सेंटर योजना, महँग कृषि यंत्र कम किराए पर उपलब्ध कराने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की। सहकारिता के उप रजिस्ट्रार ने बताया कि जिले में 1 लाख 97 हजार 880 किसानों को अब तक 422.64 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है। इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्न भंडारण योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आदि को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने राज्यपाल को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर को लेकर बताया कि गत एक वर्ष में अब तक कुल 209 प्रकरण प्राप्त हुए हैं एवं 207 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। जिले में यह सेंटर आरके हॉस्पिटल में संचालित है। राज्यपाल ने रुडिप द्वारा नाथद्वारा में 106 करोड़ रुपए की लागत से जारी एकीकृत जल प्रदाय परियोजना कार्य, कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, स्वायत्त शासन विभाग की पीए स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, राजीविका के कार्यों आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए समस्त योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक का शुभारंभ एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**जनजाति बालिका छात्रावास में राज्यपाल ने बालिकाओं से किया संवाद**

महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को जनजाति बालिका छात्रावास पलेवा मगरी का निरीक्षण किया। यहाँ राज्यपाल ने विभिन्न कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। बालिकाओं से संवाद करते हुए महामहिम राज्यपाल ने विभिन्न विषयों पर बात की। राज्यपाल को अपने बीच पाकर छात्राएं भी उत्साहित दिखी। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की समस्त सामान्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

**महामहिम राज्यपाल ने किए प्रभ श्रीनाथ जी के दर्शन**

महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार शाम को नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथ जी के सांयकालीन भोग आरती के दर्शन किए। मंदिर मण्डल अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने समाधान पद्धति से राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

**महामहिम राज्यपाल ने पीपलांत्री में देखे पर्यावरण संरक्षण के कार्य**

महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को पीपलांत्री में पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल एवं सरपंच अनिता पालीवाल के नेतृत्व में किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया।

## पीएमश्री जनवि में पूर्व छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन



राजसमंद, 15 दिसम्बर। जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय गायरीयावास में रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य घनश्याम मीणा, एल्यूमिनी अध्यक्ष दिलीप कोठारी व पूर्व अध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने की। जिसमें 1993 से 2023 तक विद्यालय में अध्यनरत पूर्व छात्रों ने शिरकत की। इस सम्मेलन में पूर्व छात्रों ने आपने अनुभव साझा किए, जिसमें शोभालाल, इंद्रा कुमारी, शीतल नरुका, प्रदीपसिंह चुण्डावत, जय सागर, जितेन्द्र भंडारी, राकेश जोशी ने अपने संस्मरण बताते हुए नवोदय विद्यालय कि खूबियों व अनुभवों को साझा करते हुए प्रगति के पथ पर किए जाने वाले प्रयासों व विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ आयोजित समस्त गतिविधियों में भग लेते हुए सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के ने विद्यालय द्वारा किए गए नवाचार और विद्यालय में हो रहे दिन-प्रतिदिन छात्र व छात्राओ के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत प्रवर्जन योजना के अंतर्गत सापूतारा गुजरात कि छात्राओं ने गुजराती समूह नृत्य व स्थानीय छात्राओं ने रोचक कालबेलिया नृत्य व राजसथानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। पूर्व विद्यार्थियों ने स्थानीय विद्यार्थियों कि करियर काउंसलिंग की गई व नवोदय विद्यालयों कि उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस दौरान शिक्षक राजपाल सिंह मंडिया, एकता, रोबिन सेन, लोपा बेन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। संचालन परमानन्द भट्ट व घनश्याम भाम्मर ने किया।

## समसा के बंद पड़े निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



राजसमंद, 15 दिसम्बर। समसा के बंद पड़े निर्माण कार्यों को शुरू करवा रहे हैं एडीपीसी राजसमंद जिले के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विद्यालय में निर्माण कार्य डीएमएफ्टी एवं अन्य राजकीय मद से विभिन्न विद्यालयों में समग्र शिक्षा अभियान की मॉनिटरिंग में छोटे और बड़े मिलाकर 135 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं पिछले दिनों जिला कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अभियान के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर बंद पड़े यह अधूरे निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निर्देशों की पालना में समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वय घनश्याम गौड़ ने सभी कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक लेकर उन्हें काफी समय से बंद पड़े या अधूरे पड़े निर्माण कामों को प्रारंभ करने के निर्देशित कर 1 महीने में प्रारंभ करवाने की हिदायत दी। स्वयं एडीपीसी भी विभिन्न विद्यालयों में अधूरे पड़े या बंद पड़े निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने में लगे हुए हैं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम गौड़ ने रेलमगरा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया और राउमावि कोटडी में 2017-18 से अधूरे पड़े पुस्तकालय कक्ष का निर्माण कार्य स्वयं ठेकेदार को पाबंद कर पुनः प्रारंभ करवाया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि इस कार्य को दो माह में पूर्ण कर संबंधित विद्यालय को हैंडोवर करें। डीपीसी ने विद्यालय के संस्था प्रधानों को भी निर्देशित किया कि वह ऐसे बंद पड़े निर्माण कार्यों के संवेदकों को नोटिस जारी कर कार्य प्रारंभ करने के लिए पाबंद करें और कार्य प्रारंभ नहीं करने पर संबंधित ठेकेदारों के निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर को निरस्त कर दें तथा जिला कार्यालय को सूचना करें ताकि ऐसे निर्माण कार्यों के लिए नई निविदा जारी करवाई जा सकें।

## रेडक्रॉस मानव सेवा के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली देश की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था : राज्यपाल

● रेडक्रॉस पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात
●सोसायटी भवन के प्रस्तावित भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर की चर्चा



राजसमंद, 15 दिसम्बर। प्रदेश के राज्यपाल एवं रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान प्रदेश प्रसिडेंट हरिभाऊ किसनराव बागड़े के रविवार को राजसमन्द प्रवास के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने सोसायटी प्रसिडेंट व जिला कलेक्टर बालमुकुंद आसावा, चेयरमैन कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में सर्किट हाऊस पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि राज्यपाल बनने के बाद पहली बार राजसमंद पहुंचे हरिभाऊ किसनराव बागड़े का सोसायटी पदाधिकारियों ने मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरना पहनाया तथा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की छवी प्रदान कर स्वागत किया। राज्यपाल ने मेवाड़ भूमि को त्याग, बलिदान और वीरों की भूमि बताया और कहा कि आज मिली महाराणा प्रताप की छवी को राजभवन में जरूर लगवाया जाएगा। राज्यपाल ने पदाधिकारियों से सोसायटी जिला शाखा की ओर से किए जाने वाले रक्तदान शिविर, नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम, टीबी कीट वितरण कार्य, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण एवं पौधा रोपण कार्य सहित सेवा कार्यों के प्रगती रिपोर्ट की विस्तार से जानकारी लेते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी मानव सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली देश की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है। आप और हम सब इससे जुड़े हुए है इससे बड़ा हमारा क्या सौभाग्य होगा। जब भी और जहां भी मानव सेवा का अवसर मिले आप सब मिलकर करते रहें। इसके साथ ही चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजसमंद जिला मुख्यालय पर रेडक्रॉस सोसायटी के प्रस्तावित भवन निर्माण के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आगमन की स्वीकृति प्रदान करने की बात रखी। जिस पर उन्होंने राजभवन से जल्द ही निर्धारित कार्यक्रम की सूचना भिजवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भवन निर्माण में स्थानिय जनप्रतिनिधियों, उद्योग समूह सहित भामाशाह से सहयोग लेने की बात कहीं। इस दौरान सोसायटी प्रसिडेंट व जिला कलेक्टर बालमुकुंद आसावा, चेयरमैन कुलदीप शर्मा, वाईस प्रसिडेंट एवं सीएमएचओं डॉ हेमंत बिदंल, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष अशोक डूंगरवाल, प्रवक्ता सुरेश भाट, वाईस चेयरमैन प्रकाश कोठारी, उपाध्यक्ष सीपी व्यास, हर्षवर्द्धनसिंह भाटी, दीपचंद गाडरी, देवीलाल साहू, सुरेन्द्र रांकावत, पुष्पेंद्र छीपा सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजसमन्द बाई नहर जल उपभोक्ता किसान समिति की बैठक सम्पन्न

राजसमंद, 15 दिसम्बर। राजसमन्द बाई नहर जल उपभोक्ता किसान समिति की माइनर नंबर 1 से 6 व



पीपली डिस्ट्रीब्यूटर के किसान प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को भावा में आयोजित हुई। बैठक में पानी लेने वाले किसान नहर, धोरे, माइनर की साफ-सफाई करने के बाद मांग स्वीकार करने, धोरे, नहर के किसान पानी पर बराबर निगरानी करने, पानी खराब करने वाले पर धोरे के किसान सूचना दे कर कार्यवाही कराने, शराब पीकर और औरतों द्वारा पानी रोकने का विवाद करने पर कार्यवाही कराई जाने, बाघपुरा की आबादी द्वारा मेन केनाल में सिवरेज और गंदगी डालने वाले के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाने, एक बार पानी लेने वाले किसान रात में पानी नहीं लेने और दिन में ओरडा वापस खोलने की मांग स्वीकार नहीं किया जाने, एक बार में पूरी पिलाई के बाद बंद किया जावें, दुबारा खोलने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जाने का निर्णय लिया गया। कौर पाण के लिए केनाल 18 दिसम्बर को 26 दिन के लिए सभी की सहमति से सलूस खुलवाने के लिए निर्णय लिया गया। इस दौरान भेरूलाल गुर्जर दुमखेड़ा, मूलचंद तेली मोही, भेरूलाल तेली मोही, उदयराम गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, देवीलाल गुर्जर भावा, भगवानलाल कुमावत प्रतापपुरा, नाथूलाल कुमावत, मोहनलाल कुमावत कांकरोली, किशनलाल कुमावत आसोटिया, मदनलाल सालवी मोही, शिवदतसिंह, सुरेश गाडरी सोनियाणा, गोपाल आचार्य, लालूराम काला खेत, राजूलाल, नंदलाल, रामलाल तेली मोही सहित किसान मौजूद थे।

## राज्य सभा सांसद नीरज डांगी भी पहुंचे दूसुरी नाल

● ''देसूरी की नाल'' पर एलिवेटेड रोड़ बनाने की कहीं बात



राजसमंद, 15 दिसम्बर। देश में मौत के रास्ते के नाम से प्रख्यात देसुरी नाल में आए दिन हो रहें हादसों के बाद राज्य व केन्द्र सरकार के साथ-साथ स्थानिय जनप्रतिनिधी भी जागरूक दिखने लगे है। गत आठ दिसबर को हुए सड़क हादसें में तीन स्कूली बालकाओं की मौत के बाद शनिवार देर शाम राज्यसभा सांसद नीरज डांगी देसुरी नाल पहुंचे जहां पीडब्ल्यूडी सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए सड़क के डैंजर जॉन, ब्लेक स्पोट, खतरनाक मौड़ व ढलान को वैकल्पिक तौर पर स्थाई समाधान करवाने के निर्देश दिए। डांगी ने वन विभाग की चौकी से लेकर पंजाब मोड़, नाग देवता सहित करीब नो किमी लम्बे सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने वन विभाग की ओर से आ रहीं आपत्ती पर भी केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान करने की बात कहीं। गौरतलब है कि राज्य सभा सांसद नीरज डांगी ने राज्य सभा में शून्यकाल के दौरान सदन में राजस्थान के उदयपुर, पाली, जैसलमेर व जोधपुर को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग एसएच 16 का एक घाट सेक्शन जो राजसमन्द जिले के गढ़बोर से देसूरी के मध्य 8 किलोमीटर का हिस्सा ''देसूरी की नाल'' पर एलिवेटेड रोड़ बनाकर व्यापारिक, धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व के जिलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा जैसलमेर को जोड़ने और यहां लगातार हो रही जनहानि पर रोकथाम की मांग को लेकर मुद्दा उठाया था। वहीं गत दिनों पाली के पूर्व सांसद पीपी चौधरी ने भी केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर देसुरी रोड़ के हालात से अवगत कराया था। हाल ही में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी ने भी देसुरी सड़क पर होने वाले जान लेवा हादसों को रोकने के लिए एलिवेटेड रोड़ बनाने को लेकर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। उसके बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी रविवार को देसुरी नाल में पहुंचकर निरीक्षण किया। ऐसे में अब सड़क के नवनिर्माण को लेकर लोगों को उम्मीद बढ़ी है।

**देसूरी की नाल में लगातार होती जनहानि पर ध्यान दे केन्द्र सरकार**

सांसद डांगी ने बताया कि देसूरी-चारभुजा के मध्य लगभग 9 किमी के इस घाट सेक्क्षन में 12 खतरनाक व सी सेक्शन के मोड़ है और 5 संकड़ी पुलियाओं पर खतरनाक ढलान है, जिसमें वाहनों की सांस हांफ जाती है और ब्रेक फेल होकर वाहन कभी चट्टानों से टकराते हैं तो कभी पास की 40-50 फीट गहरी खाई में गिरते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस पर गंभीरता दिखाते हुए केन्द्र सरकार देसूरी की नाल में लगातार होती जनहानि पर ध्यान देते हुए यदि वहां पर एलिवेटेड रोड बनाई जाती है तो वर्षों से चला आ रहा मौतों का सिलसिला खत्म होगा एवं आसपास के क्षेत्र के आमजन व स्थानीय व्यापारियों की एक बड़ी समस्या का स्थाई निवारण हो सकेगा। नीरज डांगी ने बताया कि व्यापारिक एवं सैन्य स्थल के महत्व का यह राजमार्ग राजस्थान के प्रमुख व्यवसाय मार्बल, ग्रेनाईट के प्रमुख नगरों उदयपुर, राजसमन्द, पाली, जोधपुर, जालौर, सिरोही, भीनमाल व माऊंट आबू तक जाने का मुख्य मार्ग है, जो कम दूरी व कम समय में व्यापार को बढ़ावा देता है एवं यह मार्ग गोमती-चारभुजा-देसूरी होकर आगे गंतव्य तक जाता है।

## उप मुख्यमंत्री को विभिन्न न्यायालयों की मांग को लेकर बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



राजसमंद, 15 दिसम्बर। बार एसोसिएशन राजसमन्द के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामलाल जाट के नेर्तत्व में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को विभिन्न न्यायालयों की मांग को लेकर राजसमन्द प्रवास के दौरान मांग पत्र सौंपा। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सचिव महेश सेन ने बताया कि मांगपत्र में जिला मुख्यालय पर 9000 चैक प्रकरण होने से दो और विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट कोर्ट राजसमन्द, जिला मुख्यालय मार्बल नगरी व औद्योगिक क्षेत्र होने से यहां पर वाणिज्यिक न्यायालय राजसमन्द स्थापित करवाने, राजस्व प्रकरण की अधिकता को देखते हुए यहां पर विशेष राजस्व न्यायालय (एसीएम) राजसमन्द, जिला मुख्यालय पर आयुक्त कामगार क्षतिपुर्ति न्यायालय राजसमन्द पीठासीन अधिकारी पद रिक्त होने से अतितिक्त प्रभार भीलवाड़ा से हटाकर आयुक्त राजसमन्द पद स्थापित या मोटर यान दावा दुर्घटना अधिकरण राजसमन्द को प्रभार देने के लिए, जिला उपभोक्ता आयोग में रिक्त पद भरने के लिए एवं बार एसोसियेशन में 500 अधिवक्ताओं की बैठक के लिए सभागार निर्माण डीएमएफ्टी फण्ड से या अन्य मद से करवाने, महिला अधिवक्ताओ के लिए सुविधाजनक बड़ा कमरा स्थापित करवाने की मांग की। इस दौरान नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष गिरिराज सोनी, निर्वतमान उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, निर्वतमान सचिव ऋषिराज पालीवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपालकृष्ण पालीवाल, प्रकाश कोठारी, भगवतीलाल जैन, मुकेश दाधीच, योगेश शर्मा, भरत साहू, ललितसिंह राठौड़, संपतनाथ सिंह चौहान, अविनाश गौड़, खुशकमल कुमावत, दिनेश कुमावत सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

**मार्बल पर जीएसटी 5 प्रतिशत कराने की मांग**

उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी के राजसमंद आगमन पर मार्बल ट्रेडर्स एसोसिएशन राजसमंद की ओर से पीपरडा चुंगी नाका चौराह पर पगडी, ऊपरना पहना वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप का स्मृति मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया और पत्र सौंप कर मार्बल व ग्रेनाइट नेचुरल स्टोन पर जीएसटी 5 प्रतिशत करवाने का आग्रह किया। एसोसिएशन के महामंत्री सुशील बडाला ने बताया कि चर्चा के दौरान कोटा स्टोन पर जीएसटी 5 प्रतिशत ही है तो मार्बल पर 18 प्रतिशत क्यो। जब की कोटा स्टोन की तरह मार्बल भी नेचुरल स्टोन है व मकानों में फ्लोरिंग में ही लगता है। उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस बार जीएसटी काउंसिल की बैठक राजस्थान में ही अतः इसको काउंसिल की बैठक में रखते हुए सभी राज्यों से सहमति भी करवाए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस विषय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से व काउंसिल की बैठक में जानेवाले टेक्सेशन मंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, तीसरा टेस्ट-दूसरा दिन: जसप्रीत बुमराह ने चटकाए पांच विकेट, बैकफुट पर टीम इंडिया**

# गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी, हेड और स्मिथ ने जड़े शतक, ऑस्ट्रेलिया 400 पार

**ब्रिस्बेन** (एजेंसी)।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर हो रहा है। इस मुकाबले के दूसरे दिन (15 दिसंबर) का खेल समाप्त हो चुका है। दूसरे दिन के खेल के समाप्ति तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट के नुकसान पर 405 रन बना लिए थे। एलेक्स कैरी 45 रन और मिचेल स्टार्क 7 रन बनाकर नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड (152 रन) और स्टीव स्मिथ (101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। जबकि भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लिए। गाबा में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक सात टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिनमें से भारत को 5 में हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। गाबा में भारत को अपनी इकलौती टेस्ट जीत जनवरी 2021 में मिली थी, जब उसने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया था।

इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। हालांकि पहले दिन बारिश के कारण खेल में काफी बाधा आई और केवल 13.2 ओवर्स का ही खेल हो सका। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई ओपनरों ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए 28 रन बनाए और पहले दिन कंगारू टीम को कोई नुकसान नहीं हुआ। दूसरे दिन खेल की शुरुआत में ही भारत को सफलता मिली, जब उस्मान ख्वाजा ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर ऋषभ पंत को कैच थमा दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए, जिसमें तीन चौके शामिल थे। इसके बाद बुमराह ने नाथन मैकस्वीनी (9 रन) को भी आउट किया, जिसका कैच विराट कोहली ने दूसरी स्लिप में लपका।



**स्मिथ और हेड ने की 241 रनों की पार्टनरशिप**

75 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद, स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने संभलकर बल्लेबाजी की और चौथे विकेट के लिए 241 रनों की शानदार पार्टनरशिप की। इस दौरान दोनों ने शतक लगाए। हेड ने अपने टेस्ट करियर का 9वां और भारत के खिलाफ तीसरा शतक लगाया। वहीं, स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 33वां और भारत के खिलाफ 10वां शतक पूरा किया।



### बुमराह ने किया साझेदारी का अंत

बड़ी साझेदारी का अंत जसप्रीत बुमराह ने किया। बुमराह ने नई गेंद से पहले स्टीव स्मिथ को आउट किया, जो रोहित शर्मा को कैच थमा बैठे। स्मिथ ने 190 गेंदों पर 101 रन बनाए, जिसमें 12 चौके थे। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड को आउट किया। मार्श 5 रन बनाकर विराट कोहली को कैच थमा बैठे, जबकि हेड का कैच विकेटकीपर ऋषभ पंत ने लपका। हेड ने 160 गेंदों पर 152 रन बनाए, जिसमें 18 चौके शामिल थे। हेड के आउट होने के बाद पैट कमिंस और एलेक्स कैरी के बीच सातवें विकेट के लिए 58 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई, जिसने ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया। इस साझेदारी को मोहम्मद सिराज ने तोड़ा, जब उन्होंने कमिंस (20 रन) को पंत के हाथों कैच आउट कराया।

### मैच में बने रिकॉर्ड्स...

**बुमराह के सेना देशों में 8 बार 5 से ज्यादा विकेट**

जसप्रीत बुमराह ने सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में 8 बार पारी में 5 विकेट लिए हैं। इस मामले में वे भारतीय गेंदबाजों में पहले स्थान पर हैं। दूसरे नंबर पर कपिल देव हैं, जिन्होंने इन देशों में 7 बार 5 विकेट लिए।

**स्टीव स्मिथ ने जो रुट की बराबरी की**

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में इंग्लैंड के जो रुट की बराबरी कर ली है। दोनों के नाम अब भारत के खिलाफ 10-10 शतक हैं।

**स्मिथ के भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में 15 शतक**

स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ वनडे, टी-20 और टेस्ट क्रिकेट तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम अब 15 शतक हो गए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के जो रुट हैं, जिनके 11 शतक हैं।

**ऋषभ पंत के विकेट के पीछे 150 डिसमिसल्स**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने बुमराह की गेंद पर उस्मान ख्वाजा का कैच लेकर अपने करियर के 150 डिसमिसल्स पूरे किए। इसके साथ ही पंत तीसरे भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं, जिन्होंने 150 डिसमिसल्स का आंकड़ा छुआ। पहले स्थान पर पूर्व कप्तान एमएस धोनी हैं, जिन्होंने 90 टेस्ट मैचों में 294 डिसमिसल्स किए हैं।

## झलकियां



**टॉप मोमेंट्स...**

**टोटका: सिराज ने बेल्स बदलीं और आउट हो गए लाबुशेन**

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 33वें ओवर में एक दिलचस्प वाकया हुआ। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ओवर की दूसरी गेंद के बाद स्ट्राइक विकेट के बेल्स बदल दिए। सिराज के लौटते ही, स्ट्राइक पर खड़े मार्नस लाबुशेन ने बेल्स को पहले जैसा कर दिया। इसके बाद, नीतीश रेड्डी के अगले ओवर में लाबुशेन को विराट कोहली ने कैच कर लिया। लाबुशेन ने 12 रन बनाए।

**बुमराह ने एक ओवर में झटके दो बड़े विकेट**

जसप्रीत बुमराह ने 87वें ओवर में शानदार गेंदबाजी की और एक ओवर में दो विकेट झटके। बुमराह ने ओवर की दूसरी गेंद पर मिचेल मार्श (5 रन) को पवेलियन भेजा और फिर 5वीं गेंद पर ट्रेविस हेड (152 रन) को आउट किया। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में 12वीं बार एक पारी में 5 विकेट हासिल किए।

**कप्तान रोहित शर्मा से हुआ हेड का कैच ड्रॉप**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से ट्रेविस हेड का आसान कैच ड्रॉप हो गया। 72वें ओवर की तीसरी गेंद पर नीतीश रेड्डी ने गेंद डाली और स्लिप में रोहित के पास हेड का कैच लपकने का अच्छा मौका था, लेकिन वे कैच नहीं पकड़ सके।

**अंपायर कॉल पर आउट होने से बचे स्टीव स्मिथ**

35वें ओवर की तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ अंपायर कॉल पर आउट होने से बच गए। बुमराह की गेंद सीधे उनके पैड पर लगी और भारतीय खिलाड़ियों ने जोरदार अपील की। हालांकि, फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने डीआरएस लिया और रिप्ले में यह दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप के ऊपरी हिस्से को छू रही थी, लेकिन अंपायर का कॉल होने के कारण स्मिथ को आउट नहीं दिया गया।

# डब्ल्यूपीएल ऑक्शन: 9.05 करोड़ में बिके 19 खिलाड़ी, 4 करोड़पति बनीं



## महिला प्रीमियर लीग की 5 टीमों ने खरीदे 19 खिलाड़ी

**बेंगलुरु** (एजेंसी)।

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सीजन के लिए रविवार (15 दिसंबर) को बेंगलुरु में नीलामी संपन्न हुई। इस नीलामी में पांच टीमों ने कुल 19 खिलाड़ियों को खरीदा, जिन पर कुल 9.05 करोड़ खर्च किए गए।

इस बार नीलामी में 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 8 अनकैप्ड भारतीय और 29 विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगी। पांच फ्रेंचाइजी - मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, यूपी वॉरियर्ज, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मिलकर इन खिलाड़ियों को खरीदा।

**सिमरन शेख रहीं सबसे महंगी**

इस बार की नीलामी में 4 खिलाड़ियों की बोली एक करोड़ रुपये से ऊपर गई। सबसे महंगी खिलाड़ी 22 साल की मिडिल ऑर्डर बैटर सिमरन शेख रहीं, जिन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.9 करोड़ में खरीदा। सिमरन लेग स्पिन भी करती हैं। इसके बाद दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी वेस्टइंडीज की डिंड्रा डॉटिन रहीं, जिन्हें गुजरात ने 1.7 करोड़ में खरीदा। डिंड्रा एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं।

**16 साल की कमलिनी भी बनीं करोड़पति**

16 साल की कमलिनी को मुंबई इंडियंस ने 1.6 करोड़ में खरीदा। कमलिनी ने रविवार को ही महिला अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार 44 रन बनाए थे।

**प्रेमा रावत भी बनीं करोड़पति**

ऑक्शन में करोड़पति बनने वाली चौथी खिलाड़ी 23 साल की बॉलिंग ऑलराउंडर प्रेमा रावत रहीं, जिन्हें आरसीबी ने 1.2 करोड़ में खरीदा।

**फ्रेंचाइजी के पास था 15 करोड़ का बजट**

इस नीलामी में कुल 19 खिलाड़ी बिके, जिनमें से 5 स्लॉट ओवरसीज खिलाड़ियों के लिए थे। फ्रेंचाइजियों के पास कुल 15 करोड़ का बजट था। गुजरात जायंट्स ने 4.40 करोड़ खर्च किए, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास 2.50 करोड़ बच गए।

## खो-खो विश्व कप में 41 देशों की टीमें लेंगी भाग

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। भारत में जनवरी 2025 में होने वाले पहले खो खो विश्व कप में अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नीदरलैंड, पोलैंड समेत 41 अंतरराष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 13 से 19 जनवरी तक दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा।

फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि छह महाद्वीपों से अब तक कुल 24 देशों ने इस प्रतियोगिता में अपनी टीमों को भेजने की पुष्टि की है।

# मुंबई ने फिर जीती सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

**बेंगलुरु** (एजेंसी)।



**फाइनल में मध्य प्रदेश को 5 विकेट से हराया**

मुंबई ने 3 साल में दूसरी बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीत ली। रविवार को मुंबई ने मध्य प्रदेश को 5 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश ने 174 रन बनाए, जवाब में मुंबई ने 17.5 ओवर में 5 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 48 रन और सूर्यांश शेडगे ने 15 गेंदों पर 36 रन बनाए। मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने 40 गेंदों पर 81 रन बनाए। मध्य प्रदेश की शुरुआत खराब रही, और रजत पाटीदार के अलावा बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मुंबई से शार्दूल ठाकुर और रॉयस्टन दास ने 2-2 विकेट लिए। मुंबई ने 175 रन के लक्ष्य को 18वें ओवर में पूरा किया, जहां शेडगे की आक्रामक पारी ने मैच का रुख पलट दिया। शेडगे को प्लेयर ऑफ द मैच और अजिंक्य रहाणे को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला। मुंबई ने 2022 में भी यह खिताब जीता था।

# 143 रन पर सिमटा इंग्लैंड



**हैमिल्टन टेस्ट: न्यूजीलैंड 136/3, कुल बढ़त अब 300 रन के पार**

**हैमिल्टन,** (एजेंसी)। हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को पहली पारी में 143 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड मजबूत स्थिति में है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 347 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड 143 रन पर ऑलआउट हो गया। मैट हैनरी ने 4 विकेट, जबकि सैंटनर और ओरूर्क ने 3-3 विकेट लिए। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने 136/3 का स्कोर बना लिया है, जिसमें केन विलियमसन (50*) और रचिन रवींद्र (2*) नाबाद हैं। न्यूजीलैंड की बढ़त अब 340 रन की हो गई है। पहले दिन के स्कोर 315/9 से न्यूजीलैंड ने 32 रन और जोड़े।

# युग, गीतांश, जन्मेजय, अर्णव, यथार्थ, अर्जन, दिव्यांश और विराज ने मुख्य ड्रा में बनाई जगह

**अंडर-14 रैंकिंग टैलेंट सीरीज**



**भोपाल,** (एजेंसी)। श्री कृष्ण टेनिस उत्थान समिति और ऐस टेनिस स्कूल द्वारा आयोजित अंडर-14 रैंकिंग टैलेंट सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग फाइनल राउंड में रविवार को शानदार मुकाबले हुए। युग सिंघवी, गीतांश मखानिया, जन्मेजय सक्सेना, अर्णव भट्ट, यथार्थ यादव, अर्जन गंगवाल, दिव्यांश टोक और विराज अरझरे ने जीत हासिल कर मुख्य दौर में जगह बनाई। क्वालीफाइंग मुकाबलों में युग सिंघवी ने गुरदित छाबड़ा को 6-0, 6-0 से हराया, जबकि गीतांश मखानिया ने राजवीर रॉय को 6-4, 7-6 से मात दी। जन्मेजय सक्सेना ने वीर प्रताप को 6-1, 6-0 से हराया। अर्णव भट्ट ने गौरांग गंगराड़े को 6-1, 7-6 से हराया। यथार्थ यादव ने पार्थ खंडेलवाल को 6-0, 6-1 से और अर्जन गंगवाल ने तनुषवीर खंडेलवाल को 6-5, 6-1 से शिकस्त दी। दिव्यांश टोक ने निकुंज साहू को 6-1, 6-4 से और विराज अरझरे ने वंश खंडेलवाल को 6-0, 6-1 से मात दी। मुख्य दौर का ड्रा भी निकल चुका है और अब देशभर के खिलाड़ी जोरदार मुकाबले के लिए तैयार हैं।

## मंडाविया करेंगे 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' का शुभारंभ

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 दिसंबर को सुबह साढ़े सात बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा है, जो वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार और स्वस्थ भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दिन देशभर में 1000 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम होंगे और हर मंगलवार को साइक्लिंग की यह पहल जारी रहेगी। यह पहल लोगों को साइकिल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

**सम्मान** पेरिस में जीता था सिल्वर मेडल, टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल किया था अपने नाम

# नीरज चोपड़ा की ओलंपिक जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल

**नई दिल्ली** (एजेंसी)।

भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक वाली जर्सी को अब वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल किया गया है। नीरज ने अगस्त में समाप्त हुए पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीता था, जबकि टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया था। पेरिस ओलंपिक में नीरज ने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था।

नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में अपने पहले ही प्रयास में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया था, और 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर तथा 2023 में गोल्ड मेडल जीता। स्टॉकहोम डायमंड लीग में 89.94 मीटर थ्रो कर उन्होंने अपना पर्सनल बेस्ट और राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।




**नीरज के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड**

- नीरज लगातार दो ओलंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं, इससे पहले सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने यह उपलब्धि हासिल की थी।
- वह 2 ओलंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। सुशील कुमार, पीवी सिंधु और मनु भाकर के बाद नीरज ने यह कामयाबी हासिल की है।
- नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में गोल्ड और 2022 में यूजीन में सिल्वर मेडल जीता था।

## जयपुर पिंक पैंथर्स ने शीर्ष-6 में बनाई जगह

**प्रो-कबड्डी लीग: तमिल थलाइवाज का हार के साथ सफर समाप्त**

**पुणे,** (एजेंसी)। जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो-कबड्डी लीग के 113वें मैच में तमिल थलाइवाज को 34-27 से हराकर अंक तालिका में छठे स्थान पर जगह बनाई। इस हार के साथ थलाइवाज का सीजन समाप्त हो गया। जयपुर ने रेड में 13 अंक बनाकर मैच पर पकड़ बनाई, जबकि थलाइवाज ने 7 अंक ही बनाए। डिफेंस में दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन जयपुर के रेडर्स ने मैच में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। थलाइवाज के डिफेंस ने कुछ प्रयास किए, लेकिन जयपुर के मजबूत खेल ने उन्हें 17-10 की लीड दिलाई। अंत में जयपुर ने 34-27 से जीत हासिल की और थलाइवाज को बाहर का रास्ता दिखाया।

# पाद प्रक्षालन, पुष्पवर्षा के साथ हुआ राष्ट्र संत पुलक सागर का भव्य आगमन

**● पांच दिवसीय ज्ञान गंगा महोत्सव का आगाज आज से**

डूंगरपुर। भारत गौरव राष्ट्र संत तथा राजकीय अतिथि आचार्य पुलक सागरजी का गिरिनगरी में जब मंगल प्रवेश है तो पूरा परिक्षेत्र जिन शासन के जयकारों से तथा आचार्य श्री के मंगल प्रवेश में स्वागत से गूंज उठा और मंगल प्रवेश की इस वेला में जीवन मूल्यों और अहिंसा का दिव्य अवदान हुआ।
आचार्य श्री का शनिवार को नवाडेरा स्थित वरदान इंस्टीट्यूट में विश्राम के पश्चात् रविवार को



डूंगरपुर। आचार्य श्री मंगल प्रवेश पर अगवानी करते धर्म प्रेमी तथा भजनों पर झुमतें पुलकमंच परिवार के सदस्यगण। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

प्रातः भक्तो ने दर्शन लाभ किये। जहां से दोपहर बाद नावडेरा मार्ग होते हुए धनपाल भंवरलाल परिसर से पहुंचे जहा से दोपहर को बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियोंए पुलक मंच के कार्यकर्ताओं तथा वाद्य यंत्रो की मधुर स्वर लहरियो के बीच आचार्य श्री ने ससंघ मंगल प्रवेश प्रारम्भ किया।
भव्य शोभायात्रा रतनपुर मार्ग से होते हुए तहसील चौराहा, सर्किट हाउस, महाराजा मार्केट, जेलखाना, कलेक्ट्रेट, गांधी आश्रम, हॉस्पिटल चौराहा होते हुए बेंकर्स स्ट्रीट मार्ग से होते हुए भगवतीलाल थाना के परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान राह में जगह जगह धर्म प्रेमियों ने पुष्प वृष्टि एवं पाद प्रक्षालन के साथ आचार्य संघ की अगवानी की।
मंगल प्रवेश के दौरान जहां महिलाएं कलश थामे एक परिधान में थी वहीए पुरुष भी पुलक मंच के परिवेश में धार्मिक गीतों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। राजकीय अतिथि होने के कारण पुलिस प्रशासन भी पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था को ले कर पूरी तरह मुस्तैद रहा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पश्चात् आचार्य श्री ने धर्म प्रेमियों को तीर्थंकरों की इस धर्म भूमि पर आशीर्वचन दिए।
पांच दिवसीय ज्ञान गंगा महोत्सवः- आचार्य श्री पुलकसागरजी के मंगल प्रवेश के पश्चात् सोमवार 16 से 20 दिसंबर तक प्रतिदिन सादे आठ से दस बजे तक ज्ञान गंगा महोत्सव के तहत अपना उद्बोधन देंगे साथ ही ज्ञान गंगा महोत्सव का आगाज ध्वजारोहण लाभार्थी परिवार बी एम लाल जैन परिवार द्वारा होगा। पंडाल उद्घाटन धनपाल भंवरलाल परिवार तथा पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेट पवन.पद्म देवी गानोडिया परिवारए निर्मल कुमार लक्ष्मी देवी तथा अशोक कल्पना देवी शाहए कल्याण सागर पन्नालाल वोरा तथा माणकलाल वोरा परिवार द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान पुलक मंच परिवारए महावीर दिगंबर जैन चैत्यालय न्यास मंडलए महावीर नगर साधु सेवा समिति तथा सकल दिगंबर जैन समाज के सानिध्य में भव्य अगवानी हुई।

## मंगल भवन अमंगलहारी...की चौपाईयों से गुंजा विजय बाल हनुमान प्रांगण

**● प्रथम संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ, भजनों पर झूमें भक्त**

डूंगरपुर। विजय बाल हनुमान नवयुवक मण्डल एवं सोमपुरा राधा कृष्ण सत्संग मंडल के तत्वावधान में विजय बाल हनुमान मन्दिर सलाटवाड़ा चौक में प्रथम सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। श्रीराम बजरंग सत्संग मंडल द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया।
मण्डल के संयोजक संजय चौबीसा खेड़ा ने कीर्तन की है रात, आज थाने आनो है...., डॉ दीपक श्रीमाली ने भक्त खड़े है तेरे द्वार..., गोपाल सोनी ने हर घर में एक ही नाम.... कन्हैयालाल गिरि ने वृंदावन में राधे राधे.... अभिनव श्रीमाली ने बजवा दिया बजरंग बाला ने... भजनों के साथ मंगल भवन अमंगलहारी...की चौपाईयों से विजयी बाल हनुमान मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। राजु भाई श्रीमाली, मोहन पंचाल, कैलाश



प्रथम सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर मे भाव विभोर होकर उपस्थित धर्मप्रेमी एवं श्रंगारित केसरीनंदन की प्रतिमा। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

चौबीसा, रामस्वरूप जांगिड, पं संजय पण्ड्या ने सुन्दरकाण्ड पाठ किया। ढोलक पर कचरूलाल सोमपुरा, पेड पर मित जोशी ने संगत दी।
शुरूआत में सोमपुरा राधाकृष्ण सत्संग मण्डल के दीपक सोमपुराए प्रकाश सोमपुरा ने गणेश वंदना की। मंदिर कमेंटी के भगवतीलाल सुथार, लक्ष्मीशंकर सोमपुरा, शिवशंकर, प्रेमशंकर, पार्षद ब्रिजेश कुमार, महेन्द्र सिंह ने सुंदरकांड में आये हुयें कलाकारों का स्वागत किया। भगवान केसरीनंदन का धर्मेन्द्र सोमपुरा ने भगवान की आंगी व मनमोहक श्रृंगार किया। सुंदरकांड के बाद आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित पाठ में शहर के सनातन धर्मप्रेमी शामिल हुए।

## जेपीएल के दूसरे दिन दोशी हीरो व इंफिनिटी धनपाल भंवरलाल जीते

डूंगरपुर। श्री जैन नवयुवक मण्डल डूंगरपुर के तत्वावधान में चल रही जेपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को खेले गये पहले मैच में दोशी हीरो ने हेम पुस्तक टाइगर्स एवं दूसरे मैच में इंफिनिटी धनपाल भंवरलाल ने वरदान वारियर्स पर जीत दर्ज की। दोशी हीरो के कुशाग्र जैन व इंफिनिटी धनपाल भवरलाल के दीपेश जैन को मैन ऑफदी मैच घोषित किया गया।
महामंत्री विवेक दोशी ने बताया कि बताया कि जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में जैन प्रीमियर लीग सीजन.13 की टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता का लक्ष्मण मैदान पर खेले जा रहे दूसरे दिन में अतिथि नगिन लाल जैनए पीयूष घाटियाए पुरणमल दावड़ाए बसंत लाल नागदा व सुरेश सेठिया को श्री जैन



डूंगरपुर। जेपीएल के दुसरे दिन हुये मैच के बाद मैन ऑफ़ मैच से नवाजतें अतिथि। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष राजेश डेंडूए महामंत्री सुनील जैनए सूर्याप्रकाश जैन व कोषाध्यक्ष ने सभी अतिथियों को उर्पणा ओड़ा के स्वागत किया।
पहले मैच हेम पुस्तक टाइगर्स ने पहले मैच मे बल्लेबाजी करते हुवे जिनेंद्र सेठिया ने 62 व पवित्र जैन ने 51 रन के योगदान से 167 रन लक्ष्य दियाए दोशी हीरो ने गेंदबाजी करते हुवे नीलेश डेंडू ने 2 व अर्पित डेंडूए पखर डेंडू ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुवे दोशी हीरो के कुशाग्र जैन ने 47ए अर्पित डेंडू 40 व वैभव के 41 के योगदान से 8 विकेट से जीत दर्ज कि हेम पुस्तक टाइगर्स गेंदबाजी जिनेंद्र सेठीया ने 2 विकेट लिए।

## भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर हुआ भूमि पूजन



सीमलवाड़ा। धंबोला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भूमि पूजन करते हुए यजमान। गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा। धंबोला कस्बे में 22 दिसंबर से शुरू होने वाली भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर रविवार को नव निर्मित लक्ष्मीनारायण वाटिका में शास्त्री भावेश भट्ट के सानिध्य में वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कथा के मुख्य यजमान कन्हैयालाल पुत्र महेंद्र प्रसाद पंड्या ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर बडी सख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गुजरात बड़ौदा के ब्रजेश कुमारजी कथा वाचन करेग। आस्थावान धर्म नगरी धम्बोला कन्हैयालाल महेंद्र प्रसाद पंड्या द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान श्रीमद् भागवत महायज्ञ को लेकर रविवार को धम्बोला प्रतिनिधि मंडल वागड़ चौखला में निमंत्रण देने पहुंचा। रामसौर, कुशल कोट, अरथूना, आजना, पांचवाड़ा, वस्सी के साथ कई गावों में समाजजनों को मिल कर इस महायज्ञ में आने का न्योता दिया।

## स्वच्छता कमेटी की टीम के प्रयास से बरसों पुराने विवाद का निस्तारण

**● वार्ड 26 में स्वच्छता का निरीक्षण किया**

डूंगरपुर। नवाडेरा वार्ड नंबर 2 में डामोर फ्ला जिसमें 12 परिवार निवासरत है वहां पर सब लोग एक दूसरे के आंगन से होकर आना.जाना करते थे एक दूसरे के शादी में या मौत मरण में एक दूसरे की समझाइश से आना जाना पड़ता था उन परिवार वालों का आम रास्ते को लेकर बरसों पुराना विवाद था। सभापति एवं वार्ड पार्षद वह समाज और परिवार के वरिष्ठ जनों से बातचीत करने के बाद वहां पर 12 फीट चौड़े रास्ते को लेकर सहमति बनी सभापति के निर्देश पर तुरंत प्रभाव से वहां जेसीबी द्वारा कार्य शुरू करवाया गया जिस पर वहां मौजूद परिवार जनों और वार्ड वासियों ने आभार जताया। साथ ही सभापति एवं स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड 26 में वार्डवासियों ने अपनी समस्याओं को बताया। सभापति एवं स्वच्छता की कमेटी ने तुरंत उसका निस्तारण किया। स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। वार्ड नं 2 एवं 26 में



डूंगरपुर। वार्ड में निवासरत लोगो से जानकारी प्राप्त करतें सभापति एवं टीम सदस्य। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

सभापति द्वारा रोड़ लाइट बंद होने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर ठीक करवाई एवं पेड़ों की छटाई जहा पेड़ बड़े हो रहें है वहा जल्द ही उसको छटवाये जायेंगे वार्ड में हो रहें अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए एवं आप सभी शहरवासियो से निवेदन है की बाहर कचरा न फेंके एवं कचरा डस्टबिन में रखें और कचरे वाली गाड़ी में डालें। जिससे अपना शहर स्वच्छ बना रहें।
इस दौरान सभापति स्वच्छता कमेटी की टीम वार्ड 02 पार्षद डायालाल पाटीदार, वार्ड 26 पार्षद जगन्नाथ भोई, जितेंद्र भोई, मोहन यादव, राजेश रोत, अशोक चौबीसा एवं नगर परिषद के कार्मिक मौजूद रहें ।
ग्राम वासियों ने सभापति जी की इस पहल पर खुशी जताई और उनका धन्यवाद ज्ञापित कियाएसभापति और स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड नंबर 26 में प्रधानमंत्री आवास के पात्र परिवारों से जाकर चर्चा की और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी और उन्हें सोमवार को सारे दस्तावेज लेकर नगर परिषद में संबंधित विभाग में आने के लिए कहां। इस दौरान सभापति महोदय द्वारा वार्ड वासियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। इस दौरान वार्ड वासी मनोज सिंहए केशव भाई पटेलए मावजी भाई पटेल मौजूद रहें।

## विप्र फांउडेशन की मासिक बैठक संपन्न

### बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हुई तय

डूंगरपुर। रविवार को शहर के एक निजी होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में विप्र फाउंडेशन की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आगामी दिनों में कार्यक्रमों की रूपरेखा के साथ ही निर्णय लियें गयें। बैठक में धर्मेंद्र सेवक को परशुराम मंदिर के आजीवन संरक्षक नियुक्त किया गया। विप्र फाउंडेशन की फाइनेंस सोसायटी की घोषणा करतें हुयें सोसायटी की संचालन जिम्मेदारी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर हितेश चौबीसा को सौपी गई। वही अप्रैल 2025 में सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा भी की गई जिसका दायित्व अंबालाल उपाध्याय कटकेश्वर को सौपा गया। वही 20 दिसंबर को 50 महिलाओं सहित सम्भाग स्तरीय प्रतियोगिता बांसवाडा में कराने की घोषणा की गई। बैठक के दोरान डॉ रजनी को जिला महिला मंत्री पद पर




डूंगरपुर। बैठक के दौरान नियुक्त महिला जिलामंत्री का माल्यापर्ण से सम्मान करती जिलाध्यक्ष पंड़या। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

नियुक्त किया गया। बसंत पंचमी पर निःशुल्क जिला स्तरीय गुरुकुल आवासीय के उद्घाटन की घोषणा की गई। बैठक के दौरान भाडगा, साबला, अंतिया, काब्जा के पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया।
बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंड्या, जिला अध्यक्ष ललित उपाध्याय, जिला महामंत्री प्रशान्त चौबीसा, जिला अध्यक्ष महिला रोशनी पंड्या, शार्दुल चौबीसा, लक्ष्मी शंकर श्रीमाली, एडवोकेट विजय रावल, अजय शर्मा, प्रियदर्शी शर्मा एवं अन्य विप्रवर उपस्थित रहें।

## सरकार के प्रथम कार्यकाल पूर्ण होने पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

डूंगरपुर। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैरिज हॉल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति, नगर परिषद, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं ब्लड बैंक डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर संयोजक पद्मेश गांधी ने बताया कि शिविर मे कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।
शिविर में समाजसेवी बंसीलाल कटारा, अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलंकर गुप्ता, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ वन्दना सिंघल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के



डूंगरपुर। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होनें पर चिकित्सालय में रक्तदान करते रक्तवीर। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

चेयरमैन डॉ दलजीत यादव, डॉ नीलेश गोठी, डॉ गौरव यादव, डॉ कल्पेश जैन द्वारा शिविर का अवलोकन किया गया। ब्लड बैंक के शिविर नोडल अधिकारी डॉ ज्योति हैरोटिया, डॉ गिरिराज, डॉ निशांत कटारा द्वारा सेवाएं दी गई। जनसंपर्क अधिकारी खुमान सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज के छात्रों तथा रॉयल ग्रुप सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया।
शिविर में पार्षद सूर्य सिंह राठौड, भानु प्रसाद सेवक, समाजसेवी प्रदीप सिंह बेडसा, राजेश चौहान, सुनील चौबीसा उपस्थित रहे। इस शिविर में ब्लड बैंक के मोहन यादव, पूनम राठौड, स्वागत लक्ष्मी, संजय कटारा, गोपाल परमार, निलेश, हितेश, देवीलाल, मुकेश बलात द्वारा कार्य संपादित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डेमू ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

डूंगरपुर। सदर थाना क्षेत्र ने दड़ोडिया के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। महिला के ट्रेन की चपेट में आने से चिथड़े उड़ गए। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।
सदर थाना के देवल चौकी हेड कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार ने बताया कि उदयपुर से असारवा अहमदाबाद जाने वाली डेमू ट्रेन की चपेट में महिला आ गई। डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से करीब 4 किमी दूर दड़ोडिया गांव के पास महिला रेलवे पटरियों पर आ गई। ट्रेन की टक्कर से महिला के चिथड़े उड़ गए। कुछ समय के लिए ट्रेन भी मौके पर रुक गई।
सूचना पर सदर थाना और रेलवे पुलिस भी मौके पर पहुंची। महिला के सिर और शरीर का हिस्से के चीथड़े उड़ गए। मौके पर लोगो की भी भीड़ लग गई। महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया है। जहां पुलिस की ओर से पहचान करने के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का पीएचसी धंबोला में हुआ आयोजन

सीमलवाड़ा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का कार्यकाल एक साल पूरा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धंबोला में रविवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष गोवर्धन पाटीदारए अध्यक्षता



बीसीएमएचओ डॉ नरेंद्र प्रजापत एविशिष्ट अतिथि मंडल महामंत्री दिनेश पंड्याए समाजसेवी रमेशएपंड्याएसुरेश पंड्या रहे। बीसीएमएचओ डॉ नरेंद्र प्रजापत ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव.गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन के तहत रविवार को धंबोला पीएचसी पर शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों की जाँच की गई । शिविर में 36 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क दी गई। इसमें ब्लड शुगरए ब्लड प्रेशरएआँखों की जांच सहित बीमारियों की जांच की गई। साथ ही किसी भी मरीज को रेफर सुविधा को लेकर 108 एम्बुलेंस भी मौके पर उपलब्ध रही। शिविर में ओपीडी में 215 मरीजो की जांच की गई इसमें पुरूष 55एमहिला 160 एलैब टेस्ट 40 का किया गया। शिविर में मेडिकल स्टाफ से डॉ उर्वशी पाटीदार एडॉ रोहीत लबानाए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी संगीता विश्नोई ने मरीजों की जाँच की ए वही डाटा ऑपरेटर भास्कर त्रिवेदीए मदनलाल ननोमाएनरेश पाटीदार सहित मेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया।

### डॉम का टीएडी मंत्री ने किया लोकार्पण

डूंगरपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी, विधायक सागवाड़ा शंकरलाल डेचा, सागवाड़ा पूर्व विधायक अनिता कटारा, फ्लातेड़ सरपंच सुरज देवी कटारा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के आतिथ्य में पूर्व सांसद के सांसद काल के दौरान सांसद मद से स्वीकृत 16 लाख की लागत से ग्राम पंचायत फ्लातेड़ के राउमावि में बने डॉम का फीता काटकर लोकार्पण किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं किसान सम्मान निधिए गैस सिलेंडर सब्सिडीए रोजगार सहित अन्य प्रभावी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है।
इस अवसर पर बतौर अध्यक्ष विधायक सागवाड़ा शंकरलाल डेचा ने बताया कि राज्य सरकार आपके लिए आवास, शौचालय, हर घर नल जैसी योजनाओं एवं क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं तथा आप जन कल्याणकारी योजनाओं से स्वयं भी लाभांवित हो अन्य को भी जागरूक करें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि सरकार ने खाते खोलकर सीधे लाभार्थी को आर्थिक सहायता देकर पारदर्शिता लाने का कार्य किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनीता कटारा ने भी अपना संबोधन दिया।
कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन नयन कटारा ने किया एवं मंच संचालन मनोज जोशी ने किया। इस अवसर पर गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, समाजसेवी राज रेबारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 13 विधाओं में 300 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

डूंगरपुर। कच्ची मिट्टी को करीने से कलाकृति में उतारने में जुटे युवाओं ने कैनवास पर कल्पनाओं को साकार किया तो लोक संस्कृति से लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और मिशन चन्द्रयान की गौरवमयी छवि उभर आई। मांडणां ने जहां हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति को साकार कियाए तो वहीं फोटोग्राफीए निबंधए भाशणए हैंडीक्राफ्टए और कविता लेखन में युवा प्रतिभाओं का हुनर बखूबी सामने आया। मौका था राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का। राजमाता विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में रविवार का दिन जिले की युवा प्रतिभाओं के नाम रहा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में 300 से अधिक 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं ने 13 विधाओं में आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इनमें जिले के सभी ब्लॉक पर आयोजित ब्लॉक लेवल युवा महोत्सव के विजेता शामिल हुए। जिला स्तर पर प्रथम रहे प्रतिभागी संभागए राज्य व राश्ट्रीय स्तर पर मंच मिलेगा। राज्य की लुप्त कलाओं को पुनर्जीवित करने के लिए 10 दिसम्बर को ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता बंशीलाल कटारा ने कहा कि राजस्थान युवा महोत्सव से युवाओं को अपनी गौरवशाली संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। युवा इस देश का भविष्य निर्माण करते हैं। युवा प्रतिभाओं को आगे लाने का यह प्रयास सराहनीय है। डूंगरपुर जिले में प्रतिभाओ की कमी नहीं है और हर क्षेत्र में युवा अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ रहे हैं।

## पहले साल की नाकामियों का जश्न मना रही भाजपा सरकारः भगोरा

डूंगरपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि राज्य की भजनलाल सरकार पहली वर्षगांठ पर झूठा जश्र मना रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार का एक साल नाकामियों से भरा रहा है। मौजूदा सरकार ने विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए केवल और केवल राइजिंग राजस्थान के नाम पर प्रोपेगंडा किया है। एक साल के भीतर ही प्रदेश और वागड़ की जनता पूर्ववर्ती कांग्रेस और अशोक गहलोत की सरकार के कामों को याद कर रही है। भाजपा के एक साल के शासनकाल में युवाए किसान ठगा गया हैए भजनलाल सरकार केंद्र के ईशारे पर चल रही है। राहत और जनहित के क्षेत्र में कोई गिनाने लायक उपलब्धि सरकार और सत्तारूढ़ दल के लोगों के पास नहीं है।
भगोरा ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती



ताराचंद भगोरा

गहलोत सरकार ने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किएए लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीतिक द्वेष के चलते जनहित और जन राहत की योजनाओं को कमजोर कर दिया। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना राजस्थान के आम

**● राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर पूर्व सांसद का बयान राइजिंग राजस्थान विफलताओं पर पर्दा डालने का कार्यक्रम**

आदमी के लिए वरदान बनी थीए लेकिन षड्यंत्र पूर्वक इस योजना को कमजोर करने नाम बदल कर सीमित कर दिया गया। राजस्थान की जनता को एक बार फिर महंगा ईलाज कराने पर विवश होना पड़ रहा है। भगोरा ने आरोप लगाया कि अपराध मुक्त राजस्थान का वादा कर सत्ता में लौटी भाजपा सरकार अपराधों पर लगाम नहीं कस पाई। समूचे प्रदेश में अपराधों का ग्राफ कम नहीं हुआए महिला अपराध का सिलसिला जारी है। वागड़ में पत्थरबाजों पर मौजूदा सरकार नकेल कस पाने में फेल साबित हुई है।
भगोरा ने कहा कि राजस्थान की सबसे बड़ी परियोजना रिफाइनरी को जानबूझकर अटकाया गया। साल 2013 में गहलोत सरकार रिफाईनरी जैसा बड़ा प्रोजेक्ट लेकर आई थीए उस वक्त केंद्र में यूपीए की सरकार थीए रिफाइनरी का राजस्थान में शिलान्यास हो गयाए उसके बाद हमारी सरकार बदल गई। पांच साल तक रिफाइनरी को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। चुनावी मौसम में भाजपा ने राजनीतिक हित साधने के लिए रिफाइनरी को वापस चालू करने के प्रपंच किए। तत्कालीन भाजपा सरकार में रिफाइनरी का फिर से शिलान्यास करने मोदी आए थे। रिफाइनरी प्रोजेक्ट को पांच साल लटकाकर रखा। इस कारण 39000 करोड़ के प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 80 हजार करोड़ हो गई।
भगोरा ने कहा कि सरकार बदलते ही भाजपा ने कांग्रेस राज की योजनाओं को बंद कर दिया।

## अंत्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम में 101 लाभार्थी दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

डूंगरपुर। राज्य सरकार के कार्यकाल की एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रविवार को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से अंत्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम में दिव्यांग जन के हित में अनेक योजनाओं का शुभारंभ कर सौगात दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजमाता विजयराजे सिंधिया ऑडिटोरियम डूंगरपुर में किया गया।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री बंशीलाल कटारा ने अंत्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष के पूर्ण होने पर एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष की थीम के साथ शासनए प्रशासन एक साथ एक गतिए एक लय में प्रदेश को श्विकसित राजस्थानश् बनाने के लिए लगातार सेवा को समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार युवाए महिलाए किसानए मजदूर एवं गरीब के उत्थान के लिए प्रयासरत है। उसी के अनुरूप लगातार एक वर्ष की श्रृंखला में कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन का अनुकरण करते हुए श्विकसित राजस्थानश् के संकल्प को पूरा करने के लिए दिव्यांग जन के सम्मानए शिक्षाएआवास एवं संसाधन उपलब्ध कराने हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत ट्राई साइकिलए व्हील चेयरए सी पी चेयरए स्मार्टफोन आदि उपकरण प्रदान किए गए हैंए जिससे दिव्यांग जन को सुविधा मिल सकें। उन्होंने सबसे आह्वान किया कि विकसित राजस्थान के संकल्प में हम सभी भी सहभागिता निभाएं।
कार्यक्रम के प्रारंभ में बतौर अतिथि समाजसेवी बंशीलाल कटाराए सुरेश फ्लौजियाए जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंहए अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ए मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निदेशक डीओ आईटी उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता अशोक शर्माए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नवीन प्रकाश जैनए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणछोड़ डामोरए अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं प्रभारी जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम हर्षित चौबीसाए लक्ष्मण सीबीईओ सीमलवाड़ाए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी साबला कल्पित शर्मा भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता वैभव पाठक द्वारा किया गया।
एक सौ एक दिव्यांगजन हुए लाभान्वितः-
अंत्योदय शिविर के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 10 दिव्यांग जन को ट्राई साइकिलए 10 दिव्यांग जन को व्हीलचेयरए 21 दिव्यांग जन को बैसाखीए आठ को श्रवण यंत्रए 44 दिव्यांग जन को स्मार्टफोनए सात को ब्लाइंड स्टिकए एक को सी पी चेयर प्रदान कर लाभान्वित किया गया।
इन योजनाओं का हुआ शुभारंभ, इनमें हुए लाभान्वितः-
मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों हेतु मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजनाए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजनाए आयुष्मान आरोग्य शिविर अभियान का शुभारंभ कर प्रदेश को सौगात दी।

संक्षिप्त समाचार

## फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी द्वारा प्रताप नगर स्थित बहिरंग विभाग में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर शिव सिंह सारंगदेवोत ने की। उन्होंने फिजियोथैरेपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी गठिया सहित विभिन्न समस्या का एकमात्र हल है। फिजियोथेरेपी विभिन्न समस्याओं के कारण होने वाले दर्द का इलाज या राहत दिलाने में मदद करती है जिसमें थकान, दर्द, सूजन, अकड़न और मांसपेशियों की ताकत में कमी आदि महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र मेहता ने भी फिजियोथैरेपी के महत्व एवं विभिन्न बीमारियों व उनके समाधान पर प्रकाश डाला। कैंप में लगभग 200 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड प्रेशर डायबिटीज थाइराइड आदि विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज संबंधी जांच की गई। कैंप में डॉ विनोद नायर, डॉ रोनिता सोनी, डॉ करण श्रीमाली, रामभंवर धाकड़, लक्ष्मण रावत आदि ने सेवाएं दी।

## बीएन प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों का साइंटिफिक एक्स्कर्जन



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी, विज्ञान संकाय प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने एक दिन का साइंटिफिक एक्स्कर्जन किया। जिसमें उन्होंने कर्तोतक, जल एवं मृदा के सैंपल्स का संकलन बाघदड़ा क्रोकोडाइल कंजर्वेशन पार्क में किया। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डॉ. रेनू राठौड़ एवं सह अधिष्ठाता डॉ. ऋतु तोमर के मार्गदर्शन से यह एक्सकर्जन सफलता पूर्ण हुआ जिसमें बी.एस सी. बायोटेक्नोलॉजी वी सेमेस्टर, एम.एस सी.बायोटेक्नोलॉजी । एवं ।।। सेमेस्टर और एम.एस सी. माइक्रोबायोलॉजी । सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस एक्स्कर्जन का उद्देश्य छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार में उनकी रुचि को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना है। छात्रों ने विभिन्न मिट्टी और जल नमूने संग्रहीत किए। विद्यार्थियों के साथ संकाय सदस्य डॉ विपिन नागदा, डॉ तन्वी अग्रवाल और कृष्णवीर सिंह झाला साथ रहे एवं उनके पर्यवेक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने सैंपल्स का संकलन किया। साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को अतिऔद्योगिकरण के कारण पर्यावरण में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। इस ज्ञानवर्धक शोधयात्रा का विद्यार्थियों ने पूर्ण लुत्फ लिया और प्रसन्नता व्यक्त की।

## पारसनाथ जैन मंदिर नाई अधीनस्थ हॉल का हुआ उद्घाटन



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर के समीप गांव नाई में श्री पारसनाथ जैन मंदिर अधीनस्थ भूमि पर बने नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन रविवार को हुआ।

उद्घाटन समाजसेवी राजेश मेहता के कर कमलों द्वारा संपूर्ण समाज की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मेहता ने हॉल निर्माण के लिए अपने पिता स्व. जीवन सिंह मेहता की पुण्य स्मृति में आर्थिक सहयोग प्रदान कर समाज को गौरवान्वित किया। मेहता ने भविष्य में गांव नाई में बनने वाले स्थानक भवन हेतु भी आर्थिक सहयोग के लिए घोषणा की। मंदिर समिति के अध्यक्ष भेरूलाल कोठारी का हॉल के निर्माण में पूर्ण सहयोग देने हेतु जैन समाज नाई के अध्यक्ष लहरी लाल दलाल ने सम्मान कर आभार जताया। साथ ही साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर द्वारा समीक्षा श्रीजी महाराज साहब के 50वें दीक्षा जयंती पर भेजा गया अभिनंदन पत्र उनकी माता जसुबाई जी को समाज की ओर से भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जैन नवयुक मंडल नाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन समाज नाई के मंत्री प्रमोद कोठारी ने किया। अंत में हिम्मत कोठारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किया गो माता पूजन



**उदयपुर (पुकार)।** विप्र सेना के तत्वावधान में रविवार को गो माता पूजन किया। विप्र सेना के महामंत्री नेमीचंद आचार्य ने बताया कि विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी के आह्वान पर विप्र सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली के सानिध्य में सनातन युवाओ को साथ में लेकर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर गो माता पूजन और हरी घास ओर गुड़ खिलाकर मनाया गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली ने कहा कि पूजन कर राष्ट्र की प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए मुख्यमंत्री की लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर विप्र सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली,महामंत्री नेमीचंद आचार्य , चेतन शर्मा, सनातन मित्र मंडल के नितिन कालरा , सुल्तान सिह राव, सूरज चौहान, भाविन श्रीमाली सहित कार्यकर्ताओं ने पूजन कर मंगल कामना की।

## विराट भैरव भक्ति संध्या कल

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के सेक्टर-4 स्थित गजबन गार्डन में 17 दिसंबर शाम सात बजे से विराट एक शाम नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति संध्या का आयोजन होगा। मिताली इवेंट्स द्वारा आयोजित इस दिव्य भक्ति संध्या में पार्श्व गायक व विश्व रिकॉर्ड धारक विराग मधुमालती भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इवेंट्स के निदेशक श्रीमती डिम्पल मनोज बाबेल ने बताया कि विराग मधुमालती ने अभी - अभी मुंबई से नाकोड़ा की ऐतिहासिक पैदल यात्रा कर एक लाख पोधे लगाने का संकल्प पूरा किया है , विराग को गायन के क्षेत्र में लगातार गायन के उल्लेखनीय प्रयास के लिए गिनिस बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में विश्व कीर्तिमान से नवाज़ा गया। उन्होंने बताया कि विराग 17 सुबह उदयपुर पहुँच जाएँगे, दिन भर यहाँ विराजित साधु- साधवियों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद शाम को मिताली इवेंट्स द्वारा आयोजित प्रथम पार्श्व भैरव भक्ति संध्या में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे ।

बाबेल ने बताया कि इस भक्ति संध्या में राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति एस.एस सारंगदेवोत , लोकाशाह जैन स्थानक अध्यक्ष कांतिलाल जैन , मावली प्रधान नरेंद्र चण्डालिया,अरुणोदय इम्पेक्स के एमडी व निदेशक समाज सेवी पुष्पेंद्र परमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# अंत्योदय सेवा शिविर में दिव्यांगजनों को मिली राहत, खिले चेहरे





**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इन दिनों प्रदेश में विविध आयोजनों का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में इन आयोजनों के जरिए राज्य सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग को विभिन्न प्रकार की सौगातें दी है। इसी क्रम में रविवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी सभागार में जिला स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर हुआ। इसमें जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। साथ ही स्थानीय स्तर पर लाभ वितरण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, राज लोढा, पूर्व मुख्य अभियंता विद्युत वितरण निगम लि. बी.एल. खमेसरा एवं नरपत सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा दिव्यांगजन को स्कुटी एवं अंग उपकरण प्रदान किए गए।जिला स्तरीय कार्यक्रम में 19 ट्राईसाईकिल, 11 व्हीलचेयर, 02 सीपी चेयर, 40 स्मार्ट कैन, 03 डेजीप्लेयर, 13 कान की मशीन सहित अन्य अंग उपकरण अतिथियों द्वारा उपस्थित दिव्यांगजन को वितरित किये गए।

### दिव्यांगजन की सेवा मानवता की सेवाः विधायक मीणा

कार्यक्रम में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा समस्त मानवता की सेवा है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रीशर्मा द्वारा दिव्यांगजन हेतु की गई बजट घोषणाओं की प्रशंसा करते हुए उनके क्रियान्वयन पर खुशी जाहिर की। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलवायी गई। संयुक्त निदेशक भटनागर ने बताया कि कार्यक्रम में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी तथा दिव्यांगजन के भोजन-पानी की व्यवस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा एडिप योजना अंतर्गत की गई। कार्यक्रम में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के श्री वर्धमान मेहता सहित आशाधाम आश्रम, नारायण सेवा संस्थान एव लवीना सेवा संस्थान के प्रतिनिधि एवं दिव्यांग बालक आदि उपस्थित रहे।

# उदयपुर नाट्य रंग महोत्सव का समापन






**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित उदयपुर नाट्य रंग महोत्सव- 2024 का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन के रंग संवाद में रंगकर्मियों ने हिन्दी रंगमंच को चुनौतियों से आजाद कराने के लिए अहर्निश प्रयासों की कटिबद्धता जताई।

मुख्य अतिथि दिनेश कोठारी, वरिष्ठ चित्रकार एवं रंगकर्मी शैल चोयल, नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी, वरिष्ठ साहित्यकार, नाटयलेखक व पत्रकार, हरीश बी शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन माली एवं टीम नाट्य संस्था के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन कर अंतिम दिन के रंग संवाद की शुरुआत की। तत्पश्चात उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने अपनी रंग यात्रा के अनुभव और हिन्दी रंगमंच की चुनौतियों पर विचारों व्यक्त किए। नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी ने अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे युवाओं ने रंगमंच को बस मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का एक माध्यम समझ रखा है। इससे इस विद्या की अभिव्यक्ति खतरे में है। जो कुछ नाटककार निरन्तर रंगमंच कर रहे हैं वे केवल बड़े नाट्य फेस्टिवल में प्रदर्शन करना लक्ष्य समझते हैं जिसके चलते नाट्य प्रदर्शनों में गिरावट देखी जा रही है।

मुख्य वक्ता शैल चोयल ने कहा कि हर कलाकार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है, उसे और उसकी कला को प्रोत्साहन नहीं मिलता जिसके चलते उसकी रचनात्मकता पर काफी असर पड़ता है। स्कूल एवं कॉलेज में रंगमंचीय पाठ्यक्रम नहीं होने से बच्चों में इस विद्या के बारे में जानकारी का अभाव भी हिंदी रंगमंच के पिछड़ने का बड़ा कारण है।

हरीश बी शर्मा ने नाटककारों और नाट्यलेखकों के बीच आपसी सामंजस्य और नाट्यरचनाओं के आदान-प्रदान पर बल दिया। साथ ही इसके लिए साहित्य अकादमी और सरकार स्तर पर प्रभावी प्रयासों की पैरवी की। राजस्थान साहित्य अकादमी सचिव श्री बसंत सोलंकी ने इसे स्वीकारते हुए इस तरह की गतिविधि को बढ़ाने के लिए आश्वस्त किया। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार श्री कुंदनजी माली ने राजनीतिक प्रभावों को भी एक महत्वपूर्ण कारण बताते हुए कहा कि सरकार, मीडिया को भी आगे आकर इस कला को नई पहचान दिलाने के लिए नए प्रयास करने होंगे क्योंकि पुरस्कार, पैसों और प्रोत्साहन की कमी के चलते कलाकार इस विद्या से पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। कलाकारों को कलात्मक क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हो जिससे वे उन्मुक्त भाव से इस रचनात्मक विद्या को जारी रख सकें।

रंग संवाद का मंच संचालन अमृता तोडरवाल ने किया। अंत में टीम नाट्य संस्था के सचिव सुनील टांक ने संस्था के सह संस्थापक शैलेन्द्र शर्मा को अपनी प्रेरणा बताते हुए उनके प्रति विशेष आभार प्रकट किया। संस्था के संस्थापक स्व. रिज़वान जाहिर उस्मान को याद करते हुए उनके नाट्यकर्म के प्रति लगाव, संघर्षों और प्रयासों को रेखांकित किया। साथ ही संस्था एवं रंगमंच को नई बुलंदियों पर ले जाना अपना लक्ष्य बताया। रंग संवाद में पधारे अतिथियों एवं मुख्य वक्ताओं को सम्मान स्मृति चिन्ह देकर इस रंग संवाद का समापन किया गया।

# राजपूत महासभा संस्थान का सामूहिक विवाह 2 फरवरी को

### वधू पक्ष से शगुन के तौर पर लेंगे सिर्फ एक रूपया

**उदयपुर (पुकार)।** राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रावजी का हाटा स्थित समाज भवन में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी बसंत पंचमी 2 फरवरी 2025 को समाज का 26वां सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया गया।

सचिव हितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि समाज भवन में सम्पन्न हुई बैठक समाज अध्यक्ष संत सिंह भाटी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज का 26 वां सामूहिक विवाह बसंत पंचमी पर करने करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष संत सिंह भाटी ने कहा कि इस बार का सामूहिक विवाह काफी नवीनता लिए हुए होगा, जिसमें वधू पक्ष से शगुन के तौर पर केवल एक रूपया लिया जाएगा जबकि वर पक्ष की ओर से 21 हजार रूपये की राशि निर्धारित की गई है। समाज का सामूहिक विवाह श्री हेमराज राष्ट्रीय व्यायामशाला में सम्पन्न होगा। महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने बताया कि सामूहिक विवाह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का शीघ्र ही गठन कर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा रेखा चूंडावत ने कहा कि उनके नेतृत्व में समाज की महिलाओं की एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो व्यापक जन-सम्पर्क कर अधिक से अधिक जोड़ों को भाग लेने हेतु जागरूक करेगी। इसके साथ ही गणपति स्थापना, कलश स्थापना एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा। सचिव हितेन्द्र सिंह ने बताया कि संस्थान द्वारा अधिक से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे इस हेतु शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा साथ ही एक हेल्पलाइन नम्बर भी शीघ्र जारी किया जाएगा जिससे कोई भी व्यक्ति कभी भी किसी भी समय सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकेगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय सिंह पंवार, संगठन मंत्री लोकराज सिंह चौहान, प्रदीप सिंह तंवर, रतन सिंह राणावत, प्रभात सिंह तंवर, मनोहर सिंह झाला, सुरेन्द्र सिंह खींची, सपना देवड़ा, टीना सांखला, मनीषा राठौड़, भानु सौलंकी, उप प्रचार-प्रसार सचिव नरेन्द्र सिंह सौलंकी, उप सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंत्री करण सिंह राठौड़ सहित कई पदाधिकारी बैठक में मौजूद थे।

# भूस्थानिक सूचनाएं पोषणीय विकास का प्रमुख आधार : डॉ. मिश्रा

### सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय भूस्थानिक प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** भारत सरकार के अतिरिक्त महासर्वेक्षक डॉ. यू. एन. मिश्रा ने कहा कि भूस्थानिक सूचनाएं पोषणीय विकास को मूलभूत आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की भूस्थानिक नीति 2023 ने सामरिक मानचित्रों एवं संबंधित सूचनाओं के अतिरिक्त अन्य सभी सूचनाओं को आम जन व आम संस्थाओं द्वारा उपयोग के लिए खोल दी हैं। इससे विकास का मार्ग मजबूत हुआ है। डॉ. मिश्रा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय भूस्थानिक प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य वन संरक्षक उदयपुर जोन सुनील चिदरी ने कहा कि वन अग्नि अलर्ट की तरह ही वन अतिक्रमण एवं वन खनन अलर्ट सूचना तंत्र को विकसित करने की जरूरत हैं। उन्होने वन संसाधनों के विकास एवं संरक्षण में भूस्थानिक प्रौद्योगिकी के महत्व को समझाया। भूगोल विभाग की अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण की समन्वयक प्रो. सीमा जालान ने प्रशिक्षण शिविर के दौरान हुए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुविवि के कुलसचिव डॉ. वी.सी. गर्ग ने की।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय दूरसंवेदन केन्द्र (इसरो) के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान द्वारा उद्घाटित 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 6 राज्यों से 25 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। प्रो. जालान ने बताया कि प्रथम चरण में ईसरी (इण्डिया) दूरसंवेदन प्रादेशिक केन्द्र दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य के इलेक्ट्रॉनिक केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दूर संवेदन प्रौद्योगिकी के माध्यम से आंकड़े संग्रहण का प्रशिक्षण दिया गया।

दूसरे चरण में लीडार जैसी विकसित प्रौद्योगिकी को नगर नियोजन, जलाशयों व वन संसाधनों के प्रबन्ध में उपयोग पर दूरसंवेदन प्रादेशिक केन्द्र जोधपुर, दिल्ली, देहरादून व भोपाल से आये विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे चरण में इसरो, संयुक्त राष्ट्र व राजकीय विभागों से जुडे वैज्ञानिकों द्वारा संबंधित संस्थाओं द्वारा संचालित आपदा प्रबंध एवं अन्य कार्यक्रमों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। अंतिम तीन दिवसों के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ज्वलंत समस्याओं से जुडे विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्टस तैयार किये गये।

# चिकित्सा शिविर में 170 लोगों ने कराया इलाज



**उदयपुर (पुकार)।** पूर्बिया कलाल समाज उदयपुर व पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भीलों के बेदला द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर पूर्बिया कॉलोनी सज्जन नगर, उदयपुर में आयोजित किया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश पूर्बिया ने की एवं मुख्य अतिथि पार्षद गिरीश भारती थे । विशिष्ट अतिथि सर्व ओबीसी समाज महापंचायत के संस्थापक दिनेश माली थे। चिकित्सा शिविर में 170 लोगों ने जांच कर विशेषज्ञों से परामर्श लिया। लोगों ने कमर दर्द एवं अन्य दर्द के निवारण के लिए फिजियोथैरेपिस्ट डॉ कल्पेश पूर्बिया फिजियोथैरेपी ली। लोगों ने जागरूकता दिखाते हुए अपनी बीपी ,शुगर जांच करवाते हुए उचित परामर्श भी लिया। दांत दर्द व दंत संबंधित अन्य बिमारियों का ईलाज डेंटिस्ट से करवा कर लोग प्रसन्नशीत नजर आये। शिविर में फिजिशियन डॉ हार्दिक नायक, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ रितिक, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ एरिमा सिध , चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ भारती, शल्य चिकित्सक डॉ रजत व्यास, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ देव किशन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ यश , टीबी एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ शाहील वर्मा व डेंटिस्ट डॉ भावेश वर्मा ने सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर में अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया,भरत पूर्बिया,सूर्य प्रकाश पूर्बिया, भंवर लाल पूर्बिया, भेरू लाल पूर्बिया, मनोज पूर्बिया, यशवंत पूर्बिया, लोकेश पूर्बिया, रतन लाल पूर्बिया, पन्ना लाल पूर्बिया, दिलीप पूर्बिया ,पंकज पूर्बिया, ईश्वर पूर्बिया , नितेश चौधरी, पी एस पटेल,मणी बेन पटेल,बाल कृष्ण सुहालका,धारावती सुहालका, मदन चौधरी, कन्हैयालाल कलाल ,सोनू पूर्बिया, इंद्र प्रकाश पूर्बिया, अनीता पूर्बिया ,विमला पूर्बिया,केसुलाल पूर्बिया, लच्छी बाई, तुलसी राम पूर्बिया , मोड़ी बाई पूर्बिया उपस्थित थे । अतिथियों द्वारा सभी डॉक्टरों शोल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# पोद्दार स्पोर्ट्स साइंस सिनर्जी वार्षिक खेल दिवस आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** हिरणमगरी से. 11 स्थित पोद्दार जम्बो किड्स स्कूल में रविवार को पोद्दार स्पोर्ट्स सिनर्जी खेल दिवस आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सबिहा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि नेशनल कराटे रेफरी सेनसाई प्रफुल सांवरिया थे।

# उदयपुर से 7000 से अधिक लोग जाएंगे जयपुर

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को जयपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में प्रस्तावित मुख्य समारोह में उदयपुर जिले से 7000 से अधिक लोग भाग लेंगे। इसके लिए 178 वाहन सोमवार अपराह्न बाद रवाना होंगे। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जयपुर जाने वाले वाहनों के लिए जिला कलेक्टर/जिला रसद अधिकारी की ओर से अधिकृत फ्यूल कूपन जारी किए जा रहे हैं, जो पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेंगे। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर बीपीसीएल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल के विक्रय अधिकारियों को उदयपुर जिले के पेट्रोल पम्प संचालकों को फ्यूल कूपन मान्य करने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौंसला




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में उदयपुर के गांधी ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनजाति विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन करते हुए लैंक्रोज टीम के खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री शर्मा ने एशियाई लैक्रोज़ प्रतियोगिता की उपविजेता भारतीय टीम में सम्मिलित उदयपुर की खिलाड़ियों कप्तान सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, मीरा दौजा, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी व प्रशिक्षक नीरज बत्रा से मुलाकात कर राजस्थान की बेटियों की उपलब्धियों को सराहा एवं लैक्रोज़ खेल को राजस्थान में बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव मदद की बात कही। साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, गोगुन्दा विधायक प्रतापलाल गमेती, सलूम्बर विधायक शांता देवी, निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उपायुक्त टीएडी गीतेश श्री मालवीय, रागिनी डामोर आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.